संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | देहरादून, रविवार, 14 मई 2023 ₹ 1 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्षः 14 अंकः 131 पृष्ठः 08 RNI : UTTHIN/2009/31653
actionindiaddn@gmail.com उत्तराखण्ड संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



कांग्रेस की जीत पर कार्यकर्ता बजरंगबली का गदा लेकर खुशी मनाते हुए।

# जय बजरंग बली...कर्नाटक में कांग्रेस की चली!

## भाजपा ने हार मानी, राहुल ने 6 बार मीडिया से नमस्ते किया, बोले- देश को मोहब्बत अच्छी लगती है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/बंगलुरू**
**कर्नाटक** विधानसभा चुनाव के रिजल्ट से कांग्रेस की सरकार बनना तय हो गया है। शनिवार दोपहर 12 बजे से पहले ही साफ हो गया था कि पार्टी राज्य में बहुमत हासिल कर लेगी। 12 बजे कर्नाटक कांग्रेस चीफ डीके शिवकुमार घर की बालकनी पर आए, कांग्रेस का झंडा फहराया और कार्यकर्ताओं के सामने हाथ जोड़े। मीडिया के बीच पहुंचे तो भावुक हो उठे। जेल में सोनिया गांधी मिलने आई थीं, उनसे जीत का वादा किया था। एक बजे के आसपास भाजपा ने हार मान ली। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई सामने आए और कहा- नतीजों का एनालिसिस करेंगे, पार्टी लोकसभा चुनाव में दमदार वापसी करेगी। दोपहर 2:30 बजे राहुल गांधी दिल्ली में मीडिया के सामने आए। 6 बार मीडिया से नमस्ते कहा और 2 मिनट का वक्त मांगा। फिर बोले- हमने नफरत से लड़ाई नहीं लड़ी। कर्नाटक ने दिखा दिया कि देश को मोहब्बत पसंद है।

**सीएम पद के 3 चेहरे मैदान में, तीनों चुनाव जीते:** इस चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के कई बड़े चेहरों का राजनीतिक भविष्य दांव पर लगा था। कांग्रेस के सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार, भाजपा के बसवराज बोम्मई प्रमुख फेस थे। ये तीनों चुनाव जीत गए। कांग्रेस अध्यक्ष के तौर पर मल्लिकार्जुन खड़गे के लिए भी यह बेहद अहम चुनाव था। एकतरफा जीत से पार्टी में उनका कद बढ़ेगा।

**पहली बार 73.19% मतदान, पिछले चुनाव से 1% ज्यादा:** राज्य में 38 साल से सत्ता रिपीट नहीं हुई है। आखिरी बार 1985 में रामकृष्ण हेगड़े के नेतृत्व वाली जनता पार्टी ने सत्ता में रहते हुए चुनाव जीता था। वहीं, पिछले पांच चुनाव (1999, 2004, 2008, 2013 और 2018) में से सिर्फ दो बार (1999, 2013) सिंगल पार्टी को बहुमत मिला। भाजपा 2004, 2008, 2018 में सबसे बड़ी पार्टी बनी। उसने बाहरी सपोर्ट से सरकार बनाई। 10 मई को 224 सीटों के लिए 2,615 उम्मीदवारों के लिए 5.13 करोड़ मतदाताओं ने वोट डाले। चुनाव आयोग के मुताबिक, कर्नाटक में 73.19% मतदान हुआ है। यह 1957 के बाद राज्य के चुनावी इतिहास में सबसे ज्यादा है।

**2018 में भाजपा को बहुमत नहीं... फिर भी सरकार बनाई:** 2018 में भाजपा ने 104, कांग्रेस ने 78 और जेडीएस ने 37 सीटें जीती थीं। किसी पार्टी को बहुमत नहीं मिला था। भाजपा से येदियुरप्पा ने 17 मई को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, लेकिन सदन में बहुमत साबित न कर पाने की वजह से 23 मई को इस्तीफा दे दिया। इसके बाद कांग्रेस-जेडीएस की गठबंधन सरकार बनी।






## डीके शिवकुमार या सिद्धारमैया, कर्नाटक में कांग्रेस किसे बनाएगी सीएम?

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कर्नाटक** में विधानसभा चुनाव के कांग्रेस ने बंपर जीत दर्ज की है। लेकिन सवाल बड़ा है कि अब कर्नाटक में कांग्रेस किस मुख्यमंत्री बनाएगी।

**डीके शिवकुमार:** डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया कर्नाटक में कांग्रेस का बड़ा चेहरा है। संभव है कि सरकार बनने पर शिवकुमार या सिद्धारमैया में से किसी एक को ही सीएम बनाया जाएगा। सात बार से विधायक डीके शिवकुमार कर्नाटक की राजनीति में बड़ा नाम है। कई मौकों पर उन्होंने कांग्रेस को संकट से बाहर निकाला है। इस बार भी वह कनकपुरा विधानसभा सीट से चुनाव लड़े और जीत दर्ज की है।

सिद्धारमैया: कर्नाटक में 2013 से 2018 तक मुख्यमंत्री रह चुके हैं। सीएम पद के लिए सिद्धारमैया भी बड़े दावेदार माने जा रहे हैं। कांग्रेस की सरकार बनने पर सिद्धारमैया के नाम पर भी सीएम के तौर पर मुहर लग सकती है। सिद्धारमैया वरुणा सीट से जीत दर्ज किए हैं।

**राजस्थान, एमपी, की तरह कर्नाटक में भी होगी खींचतान:** राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ की तरह कर्नाटक में भी कांग्रेस के सामने सीएम पद को लेकर मुश्किल आ सकती है। डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया के समर्थक अपने-अपने नेताओं को सीएम बनाए जाने की मांग करते रहे हैं। नतीजों से ठीक पहले सिद्धारमैया के बेटे यतींद्र ने भी अपने पिता के लिए सीएम पद की पैरवी की है। यतींद्र ने कहा कि कर्नाटक के विकास के लिए सिद्धारमैया को सीएम बनाया जाना चाहिए। बता दें कि राजस्थान में सीएम अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच सीएम जंग अब खुलकर सामने आ गई है।

## 'सोनिया गांधी का जेल आना मैं नहीं भूल सकता...'

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरू**
**कांग्रेस** ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव में बंपर जीत दर्ज की है। इस दौरान डी के शिवकुमार चुनावों को लेकर अपनी प्रतिक्रिया समय भावुक हो गए। उन्होंने राज्य में उनके नेतृत्व में भरोसा जताने का श्रेय गांधी परिवार को दिया। गालों पर आंसू छलकते हुए पूर्व मंत्री डी के शिवकुमार ने जीत के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने पार्टी आलाकमान से कहा है कि वह कर्नाटक विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करेंगे। शिवकुमार ने दबी आवाज में कहा कि मैं पार्टी कार्यकर्ताओं और पार्टी की जीत का श्रेय सभी नेताओं को देता हूं। लोगों ने हम पर विश्वास जताया है और नेताओं ने हमारा समर्थन किया है।

## अब विपक्ष के रूप में काम करेंगे: बोम्मई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने विधानसभा चुनाव के आ रहे परिणाम को देखते हुए हार स्वीकार कर ली। उन्होंने कहा कि विधानसभा में अब भारतीय जनता पार्टी जिम्मेदार विपक्ष के रूप में काम करेगी। बसवराज बोम्मई ने शनिवार को कहा कि विधानसभा में अब भाजपा जिम्मेदार विपक्ष के रूप में काम करेगी। इसके साथ ही उन्होंने वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में वापसी की बात कही है। चुनाव परिणाम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बोम्मई ने कहा कि कर्नाटक के विधानसभा चुनाव में भाजपा असर नहीं छोड़ पाई।

## कांग्रेस जनता से किए हर वादे को पूरा करेगी : राहुल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस जनता से किए सभी वादे को पूरा करेगी। यह राज्य की जनता की जीत है। कांग्रेस मुख्यालय में शनिवार दोपहर को पत्रकारों से मुखातिब होते हुए राहुल गांधी ने पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं, नेताओं और राज्य की जनता को बधाई दी। उन्होंने कहा कि कर्नाटक की जनता ने नफरत की दुकान बंद कर दी है। आगे उन्होंने कहा कि कर्नाटक की गरीब जनता ने पूंजीवादी शक्ति को हरा दिया है। हमने कर्नाटक का चुनाव मोहब्बत के साथ लड़ा और जीता है। हम दूसरे राज्यों में भी इसी तरह चुनाव जीतेंगे।

## सचिन ने धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया



**मुंबई:** पूर्व भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने मुंबई क्राइम ब्रांच के साइबर सेल में धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। उन्होंने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि इंटरनेट पर चल रहे फेक एडवर्टाइजमेंट में उनके नाम, फोटो और आवाज का इस्तेमाल किया गया है। क्राइम ब्रांच ने इस मामले में आईपीसी की धाराओं 420, 465 और 500 के तहत मामला दर्ज किया है। इसमें धोखाधड़ी, जालसाजी और आईटी अधिनियम की संबंधित धाराएं शामिल हैं। सचिन की शिकायत के बाद मुंबई पुलिस की साइबर सेल ने जांच शुरू कर दी है।

फेक एडवर्टाइजमेंट में सचिन का नाम, फोटो और आवाज: रिपोर्ट के मुताबिक तेंदुलकर की तरफ से यह शिकायत उनके पर्सनल असिस्टेंट ने दर्ज कराई है।

## पंजाब में काम पर लगी मुहर: सीएम अरविंद केजरीवाल



**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने जालंधर लोकसभा उपचुनाव के नतीजों पर खुशी जाहिर की और कहा कि यह जीत कांग्रेस के गढ़ में मिली है।

अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि जनता ने आप सरकार के कामों पर मुहर लगाई है। जालंधर के लोगों ने अपने वोट से यह बता दिया कि आम आदमी पार्टी की सरकार पंजाब में शानदार काम कर रही है।

आगे उन्होंने कहा कि जालंधर की यह जीत पंजाब में आप सरकार के काम की जीत है।

जालंधर की जनता के साथ-साथ इस चुनाव में अपना पसीना बहाने वाले आम आदमी पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को बहुत-बहुत बधाई।

## कांग्रेस की जीत, जनता की जीत है : खड़गे



**टीम एक्शन इंडिया/बंगलुरू**
**कांग्रेस अध्यक्ष** मल्लिकार्जुन खड़गे ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव में पार्टी को अपार बहुमत के बाद राज्य की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि चुनाव में कांग्रेस की यह जीत, जनता की जीत है। खड़गे ने शनिवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि कांग्रेस सरकार बनाने के बाद राज्य की जनता से किए अपने पांचों वादे को पूरा करेगी। पार्टी पर भरोसा जताने के लिए हम कर्नाटक की जनता को धन्यवाद देते हैं। आगे उन्होंने कहा कि कांग्रेस की जीत जनता की जीत है। कर्नाटक की जनता ने भ्रष्ट सरकार को नकार दिया है। हमने जो वादे किए हैं, उसे पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले दूसरे राज्यों में भी कांग्रेस सरकार बनाएगी।

## जम्मू में भारत-पाक बॉर्डर पर बन रहीं 42 पुलिस चौकियां

**टीम एक्श इंडिया/श्रीनगर**
**जम्मू-कश्मीर** के पुंछ और राजौरी में हाल ही में हुई आतंकी वारदातों के बाद केंद्र ने जम्मू-कश्मीर बॉर्डर पुलिस की ताकत बढ़ा दी है। भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर आतंकी घुसपैठ रोकने के लिए 42 नई पुलिस चौकियां बनाई जा रही हैं। सेकंड लेवल की एंटी इन्फिल्ट्रेशन ग्रिड को मजबूत करने के लिए बनाई जा रही इन चौकियों में पुलिस कर्मियों के लिए 600 से ज्यादा पोस्ट को मंजूरी दी गई है। गौरतलब है कि गृह मंत्रालय की तरफ से स्वीकृत 607 पोस्ट में सब इंस्पेक्टर के 39, असिस्टेंट सब इंटस्पेक्टर के 88, हेड कांस्टेबल और सिलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल/कांस्टेबल की 430 पोस्ट शामिल हैं। बीएसएफ यानी बॉर्डर पुलिस पोस्ट इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं क्योंकि यह जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (छङ्गउ) पर अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ और सेना के बाद दूसरे नंबर पर आती हैं।

## कुश्ती संघ के सभी पदाधिकारियों पर प्रतिबंध

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**भारतीय ओ**लिंपिक संघ ने भारतीय कुश्ती संघ के सभी पदाधिकारियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। क्डअ के संयुक्त सचिव कल्याण चौबे ने कुश्ती संघ को आदेश जारी कर उसके सभी पदाधिकारियों के प्रशासनिक, आर्थिक कार्य पर रोक लगा दी है। कुश्ती संघ से सभी दस्तावेज, अकाउंट्स और विदेशी टूर्नामेंटों के लिए भेजी जाने वाली एंट्री का लॉगिन, वेबसाइट संचालन तत्काल उसे सौंपने को कहा है। यह कदम खेल मंत्रालय की ओर से भारतीय कुश्ती संघ के चुनाव रद्द कर क्डअ की अस्थायी समिति को संघ के चुनाव कराने और उसके संचालन का जिम्मा सौंपे जाने के बाद उठाया है। बता दें कि देश के कई नामी पहलवान के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर 21 दिन से धरना दे रहे हैं।।

**45 दिन में होंगे चुनाव:** कुश्ती संघ के चुनाव 45 दिन में कराने के आदेश खेल मंत्रालय ने दिए हैं। इसके लिए तीन सदस्यीय अस्थायी समिति का गठन 3 मई को किया गया था। जिसमें वूशु संघ के भूपेंदर सिंह बाजवा, ओलंपियन निशानेबाज सुमा शिरूर और एक सेवानिवृत जज को शामिल किया गया है।

## जालंधर उपचुनाव में आप की बंपर जीत

**टीम एक्शन इंडिया/जालंधर**
**जालंधर** में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस का गढ़ ध्वस्त कर दिया है। आम आदमी पार्टी ने ये लोकसभा सीट जीत ली है। उपचुनाव में आप के उम्मीदवार सुशील रिंकू ने कांग्रेस उम्मीदवार कर्मजीत कौर चौधरी को 58,691 वोटों से हरा दिया। उपचुनाव के लिए वोटिंग 10 मई को हुई थी। पिछली 4 बार से कांग्रेस इस सीट पर जीतती रही है। 2014 और 2019 में कांग्रेस उम्मीदवार कर्मजीत कौर चौधरी के पति संतोख सिंह चौधरी यहां से चुनाव जीते। हालांकि उनके निधन के बाद कांग्रेस सीट गंवा बैठी।



**करतारपुर व वेस्ट से सबसे ज्यादा लीड:** विधानसभा सीटों के लिहाज से बात करें तो जालंधर से आप उम्मीदवार सुशील रिंकू को सबसे ज्यादा 13890 की लीड करतारपुर से मिली। दूसरे नंबर पर जालंधर वेस्ट से 9500 की लीड मिली। इसके बाद आदमपुर से 8960, फिल्लौर और जालंधर कैंट से 7 हजार, नकोदर से 5211 और शाहकोट से 273 की लीड मिली।

### आप का चला झाड़ू

= उपचुनाव में आप के उम्मीदवार सुशील रिंकू ने कांग्रेस उम्मीदवार कर्मजीत कौर चौधरी को 58,691 वोटों से हरा दिया

**खुलासा** मणिपुर में हिंसा के दौरान करीब 230 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे

## मणिपुर हिंसा: मरने वालों की संख्या 71 हुई

**टीम एक्शन इंडिया/इम्फाल**
**कुकी-नगा और मैतेई समुदाय** के बीच 3 मई से शुरू हुई हिंसा के बाद मणिपुर में मरने वालों की संख्या 71 हो गई है। यह जानकारी मणिपुर सरकार के सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि मणिपुर में हिंसा के दौरान करीब 230 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे और 1700 घरों को जला दिया गया था। 10 दिन पहले हुई हिंसा के बाद यहां आज भी इंटरनेट बंद है। जातीय हिंसा के बाद राज्य के 10 आदिवासी विधायकों ने आदिवासियों के लिए अलग प्रशासन की मांग की है। इन विधायकों ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार पर राज्य में हिंसा को मौन समर्थन देने का आरोप लगाया है। विधायकों का कहना है कि आदिवासी अब मणिपुर में नहीं रह सकते हैं और वे भारत के संविधान के तहत अलग प्रशासन चाहते हैं।



बयान जारी करने वाले 10 विधायकों में हाओखोलेट किपजेन (आईएनडी), नगुरसांग्लुर सनाटे (जेडी-यू), किमनेओ हाओकिप हंगशिंग (केपीए), लेटपाओ हाओकिप (बीजेपी), एलएम खौटे (जेडीयू), लेट्जमांग हाओकिप (बीजेपी), चिनलुनथांग (बीजेपी), पाओलीनलाल हाओकिप (बीजेपी), नेमचा किपजेन (बीजेपी), वंगजागिन वाल्टे (बीजेपी) शामिल हैं।

**उग्रवादियों की सुरक्षा बलों से झड़प हुई:** कुलदीप सिंह ने बताया कि गुरुवार को एक बार फिर मणिपुर कमांडो और उग्रवादियों के बीच गोलीबारी हुई। जिसमें छह कमांडो घायल हो गए थे। इनमें से एक की मौत हो गई।




ACTION INDIA
देहरादून, 14 मई 2023
दैनिक एक्शन इंडिया
http:// www.actionindialive.com

# सीएम ने सिरसा में गांव बड़ागुढ़ा में किया जन संवाद

## आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थी से ईलाज के पैसे लेने के मामले में सीएम ने सीएमओ को दिए निर्देश, अस्पताल प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई कर लाभार्थी को उसकी 20 हजार रुपये की राशि वापिस दिलवाई जाए

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/सिरसा** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सिरसा जिले के गांव बड़ागुढ़ा में जन संवाद कार्यक्रम में आयुष्मान भारत योजना के तहत लाभार्थी से ईलाज के पैसे लेने के एक मामले में सीएमओ को सख़्त निर्देश दिए कि अस्पताल प्रशासन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और आज शाम तक लाभार्थी को उसकी 20 हजार रुपये की राशि वापिस मिल जानी चाहिए। जन संवाद कार्यक्रम में गांव बड़ागुढ़ा के एक युवक ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनका आयुष्मान कार्ड बना हुआ है, लेकिन निजी अस्पताल ने उनसे ईलाज के नाम पर 20 हजार रुपये लिए। इसी प्रकार, एक अन्य युवक से निजी अस्पताल द्वारा ईलाज के नाम पर पैसे लेने के



मामले में मुख्यमंत्री ने सीएमओ को निर्देश दिए कि इस मामले की जांच कर समुचित कार्यवाही की रिपोर्ट 7 दिन में सौंपें। इसके अलावा, यदि कोई और मामला इस प्रकार का सामने आता है तो अस्पताल का लाइसेंस रद्द किया जाए।

**जमीन संबंधी मामले में रिश्वत मांगने पर मुख्यमंत्री ने पटवारी को किया सस्पेंड:** जन संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के समक्ष गांव के युवक ने समस्या बताते हुए कहा कि जमीन संबंधी कार्य करने की एवज में गांव छतरियाँ के नहरी पटवारी नरेश ने उनसे 5 हजार रुपये मांगे। इस पर मुख्यमंत्री ने तुरंत कार्रवाई करते हुए नहरी पटवारी नरेश सस्पेंड करने के आदेश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य नशे को जड़ से खत्म करना है। इसके लिए सरकार के साथ समाज की भी जिम्मेदारी है। इसलिए गांववासी भी लोगों को जागरूक करें ताकि युवा नशे की तरफ न जाएं। उन्होंने ग्रामीणों से अनुरोध किया कि वे नशा बेचने वालों की सूचना सरकार को दें, उन पर सख़्त कार्रवाई की जाएगी। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

### वर्तमान राज्य सरकार ने किए जनता की भलाई

**जन** संवाद कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने पिछले साढ़े 8 सालों में राज्य सरकार द्वारा किए गए कार्यों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। एक युवक ने कहा कि गांव में नशे की बहुत समस्या थी, लेकिन सरकार ने कदम उठा कर यहां नशे की समस्या को दूर किया। एक युवक ने सरकार के कामों की सराहना करते हुए कहा कि पहले जमीन की फर्द प्राप्त करने के लिए बहुत परेशनी होती थी। कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ते थे, लेकिन अब ऑनलाईन फर्द निकलती है, जिससे बहुत राहत मिली है। एक युवक ने कहा कि सरकार ने गांव में पानी स्टोरेज के लिए टैंक बनवाएं हैं, उससे लोगों को बहुत लाभ हुआ है। टपका सिंचाई भी संभव हुई है। इसी प्रकार एक अन्य व्यक्ति ने कहा कि गांव में पहले कोई मुख्यमंत्री आता ही नहीं था।

### बिना पर्ची बिना खर्ची के लग रही नौकरी

**कार्यक्रम** में युवाओं ने एक मत से कहा कि पहले सरकारी नौकरी लेने के लिए जमीनें बेचनी पड़ती थी या कर्ज लेकर नौकरी लगते थे, लेकिन वर्तमान राज्य सरकार में बिना पैसे और बिना सिफारिश के नौकरी लगी है। इस पर मुख्यमंत्री ने बताया कि बड़ागुढ़ा गांव में केंद्र व राज्य की मिलाकर 10 नौकरियां युवाओं को मिली हैं।

# सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा बैरागी धर्मशाला मे लगाया



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र( दलबीर मलिक )**सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) द्वारा बैरागी धर्मशाला कुरुक्षेत्र मे महंत प्रेमदास जी की राज्य स्तरीय जयंती के उपलक्ष्य पर रियल जूस का विशाल भण्डारा दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बैरागी समाज के प्रधान हवा सिंह व प्रमुख समाजसेवी डाक्टर रामगोपाल मित्तल द्वारा की गई। उन्होने बताया की राज्य स्तरीय धर्मशाला के निर्माण में महंत प्रेमदास जी का बहुत बड़ा योगदान है ।समाज के प्रति उनके योगदान को मापा नहीं जा सकता है। उन्होने समाज मे लडकियों की शिक्षा ओर समाज की एकजुटता के लिए बहुत कार्य किया। सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल, रमेश थाना व सुमंत सैनी ने कहा की महंत प्रेमदास जी को उनकी जयंती पर हम सब कोटि-कोटि नमन करते है ।उनका महान व्यक्तित्व और शुद्ध विचार एक विकसित देश-प्रदेश की परिकल्पना में हमारा मार्ग प्रशस्त करते रहेंगे। उनकी राज्य स्तरीय जयंती पर सेवा ट्रस्ट की को-स्पोंसर डाबर के सहयोग से रियल जूस का अटूट लंगर लगाया गया है।

# कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव ने अम्बा मार्केट के लोगों की सुनी समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव व श्री विश्वकर्मा धीमान समाज हरियाणा के प्रदेश उपाध्यक्ष यमुनानगर के प्रभारी अर्जुन धीमान अंबाला शहर की अंबा मार्केट में जाकर लोगों की समस्याएं सुनी। जिसमें उन्होंने बताया कि हमारी मार्केट अंबाला की सबसे पुरानी मार्केट है परंतु इसमें हमेशा गंदगी के ढेर पानी खड़ा रहता है। नाला कई साल से कोई सफाई नहीं हुई और पानी दुकानों के सामने दूर-दूर तक भरा पड़ा है। जिससे हमें दुर्गंध आती है और बीमारियों का खतरा हमारे सिर पर मंडरा रहा है। डेंगू जैसी बीमारी हमारे मार्केट में कई लोगों को हो चुकी है जो कि मौत के मुंह से बचकर लौटे हैं एक बार फिर यहां जो गंदगी के अंबार लगे हुए हैं। प्रशासन इसकी और कोई भी ध्यान नहीं देता अर्जुन धीमान ने कहा कि खट्टर सरकार विकास के तो बड़े-बड़े दावे कर रही है और हर वर्ष बहुत से बजट पास करके लोगों की हितों की रक्षा पर खर्च करने के दावे कर रही है। परंतु धरातल पर विकास देखा जाए तो यहां पर लोग बहुत ही परेशान है विकास के नाम पर अगर देखा जाए तो अंबा मार्केट पहुंचकर अच्छी तरह देखा जा सकता है। कूड़े और गंदगी के बड़े-बड़े ढेर लगे हुए चारों तरफ लगे हुए हैं



जिससे बहुत ही दुर्गंध आती है खट्टर सरकार से अंबा मार्किट के लोगों को यह उम्मीद नहीं थी कि हमें इस प्रकार अपना जीवन व्यतीत करना पड़ेगा अर्जुन धीमान ने कहा कि लोगों की समस्याएं को जल्दी से जल्दी दुरुस्त कराया जाए। जिससे अभी हाल में बरसात का सीजन शुरू होने वाला है और अंबा मार्केट की दुकानों में पानी अंदर घुस जाएगा और लोगों का बहुत ही जान माल का नुकसान हो जाएगा। खट्टर सरकार यदि लोगों को मूलभूत सुविधाएं नहीं दे सकती तो मुख्यमंत्री को अपने नैतिकता के आधार पर जनता की हितों के ध्यान में रखते हुए इस्तीफा दे देना चाहिए। अर्जुन धीमान ने कहा कि 2019 में हुए चुनाव में भाजपा सरकार ने प्रदेश की जनता के साथ जो भी वादे किए थे उन्होंने कोई भी वादा पूरा नहीं किया न ही किसान मजदूर व्यापारी कर्मचारियों के हितों के लिए कोई कार्य किया नौजवान युवकों के लिए रोजगार का जो वादा किया था कोई भी वादा खट्टर सरकार ने पूरा नहीं किया। अर्जुन धीमान ने कहा कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने पर सभी लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कार्य किए जाएंगे। व्यापारी कर्मचारी किसान मजदूर उद्योगपति सभी के हितों का ध्यान रखा जाएगा नौजवान युवकों को रोजगार देने के लिए बड़े-बड़े उद्योग लगाए जाएंगे बुढ़ापा पेंशन ?6000 प्रति मास दी जाएगी। हर परिवार को 300 यूनिट बिजली भी फ्री दी जाएगी। एनडीसी परिवार पहचान पत्र बनवाने मैं हो रही दिक्कत को समाप्त कर दिया जाएगा इस मौके स्वर्ण सिंह हरजिंदर सिंह गोल्डी बंटी सुरेश गांधी पंकज कुमार राजेश शर्मा कुलदीप चोपड़ अनिल सिंगला गुलशन बहुत से लोग मौजूद थे।

# 40% भ्रष्टाचार पर लगी मुहर, कांग्रेस की बड़ी जीत: सतपाल शर्मा



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )**कांग्रेस नेता सतपाल शर्मा ने कर्नाटक की जीत पर कर्नाटक की जनता और देश वासियों को बधाई दी। शर्मा ने कहा की आज जनता ने ये साबित कर दिया की बीजेपी देश की भ्रष्ट पार्टी हैं ।जो 40 प्रतिशत का मुद्दा चुनाव मे चला और जनता ने आज बीजेपी पर भ्रष्टाचार पार्टी की मोहर लगा दी ।शर्मा ने कहा की इस जीत का श्रेय कर्नाटक के प्रभारी रणदीप सुरजेवाला राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे जी प्रियंका गांधी और राहुल गांधी को जाता है जिन्होंने इस चुनाव में जमकर प्रचार किया और भाजपा के भ्रष्टाचार को जनता के सामने लाने का कार्य किया। भाजपा ने एक बार फिर इस चुनाव में बेरोजगारी,महंगाई को दरकिनार करते हुए बजरंगबली को सामने लाकर चुनाव लड़ा।

# सूर्या स्कूल के प्रांगण में मातृ दिवस समारोह आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** सूर्या सीनियर सैकेंडरी स्कूल के प्रांगण मे मातृ दिवस समारोह का आयोजन प्रधानाचार्य करमजीत कौर द्वारा किया गया ।
इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने सभी माताओं के सम्मान में दीप प्रज्जवलित किया उन्होंने कहा कि जिस प्रकार एक दीपक अंधकार को नष्ट कर देता है उसी प्रकार एक मां बच्चों के जीवन में आने वाली प्रत्येक समस्या रूपी अंधकार को नष्ट करती है इस कार्यक्रम में स्कूल के सभी सभी छात्र छात्राओं ने कविता और नृत्य के द्वारा सब माताओं का मन मोह लिया नाटक लाडो ने खूब वाहवाही हासिल की। सभी माताओं के लिए म्यूजिकल चेयर और अन्य प्रतियोगिताएं करवाई गई।
विजेता माताओं को सम्मानित किया' कार्यक्रम के अंत में प्रिंसिपल महोदया ने कार्यक्रम में पहुंचने के लिए सभी माताओं का धन्यवाद किया।

# गुरुकुलम क्लासिस का 10वीं और 12वीं का परीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** गुरुकुलम क्लासिस शिक्षण संस्थान का 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम हर वर्ष की भाँति उत्कृष्ट रहा गुरुकुलम क्लासिस के डायरेक्टर तथा समाजसेवी विनय सर ने बताया की विद्यार्थियों की मेहनत, लग्न और गुरुकुलम के अनुभवी, सुयोग्य शिक्षकों के निरंतर परिश्रम से सभी विद्यार्थी अच्छे अंकों से पास हुए डायरेक्टर विनय सर ने बताया की पिछले 7 वर्षों से गुरुकुलम नित नयी नयी ऊंचाइयाँ छु रहा है।




चाहे समाज सेवा का काम हो या प्रकृति संरक्षण का, योग के प्रति जागृति या उच्च कोटि की शिक्षा देने का।
हर क्षेत्र में एक आदर्श नागरिक निर्माण में गुरुकुलम अग्रसर है चिराग 90% ,वेदिका 92%, मृदुल 85%, अभिषेक 80% , वंश 80%,समर्थ 91%, भावना 80%, कन्हैया 77%, अदिति , रिया , समृद्धि, प्रियंका , ध्रुव , कुश, मोहित, नक्श, इत्यादि सभी विद्यार्थी अच्छे अंकों से पास हुए। अंत में संस्थान द्वारा सभी शिक्षकों और अभिभावकों और विशेषकर विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दी गई।

# ओपी चौटाला ने सीएम के जनसंवाद कार्यक्रम पर किया कटाक्ष

**टीम एक्शन इंडिया/भिवानी**
**धनाना** गांव में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के जन संवाद कार्यक्रम पर जमकर कटाक्ष किए। उन्होंने सरकार से नौकरियों को लेकर लिस्ट जारी करने की मांग की। मीडिया से बातचीत में ओपी चौटाला ने कहा कि सीएम की कौन सुनता है। उनका तो उनके विधानसभा क्षेत्र में ही हेलिकॉप्टर नहीं उतरने दिया था। वर्तमान सरकार द्वारा सबसे अधिक नौकरी देने के दावे पर लिस्ट जारी करने की मांग की।

# कर्नाटक में करारी हार से देश में भाजपा की उल्टी गिनती शुरू- मलौर

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** पूर्व विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य जसबीर मलौर ने कहा कि कर्नाटक विधानसभा आम चुनाव में भाजपा को मिली करारी हार से साबित हो गया है कि जनता ने भाजपा और नरेन्द्रमोदी को नकार दिया है ।राहुल गांधी की भारत जोडो यात्रा के परिणाम आने आरम्भ हो गए है। मलौर अपने आवास पर कांग्रेस की जीत का जश्न मना रहे थे और उन्होंने लड्डू बांट कर पार्टी की जीत पर प्रसन्नता जाहिर की। कर्नाटक चुनाव से भाजपा की उल्टी गिनती आरम्भ हो गई है और 2024 के चुनावों में देश और हरियाणा में



भाजपा का सूपड़ा साफ होना तय है। उन्होंने दावा किया लोकसभा चुनाव में कर्नाटक की तर्ज पर देश में कांग्रेस को पूर्ण बहुमत मिलना तय है और हरियाणा में भी भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनेगी ।उन्होंने कहा कि कर्नाटक में भाजपा के साथ साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हार है क्योंकि प्रधानमंत्री ने इस चुनाव की पूरी जिम्मेदारी अपने कंधों पर ली थी। श्री मलौर ने कहा कि पिछले 9 वर्षों में भाजपा ने केवल झूठे वायदों की राजनीति की है और इनके पास देश के विकास और जनकल्याण का कोई भी कार्यक्रम नही है। झूठ की राजनीति लम्बे समय तक नही चल सकती और अब देश के मतदाता भाजपा की वास्तविकता को समझ चुके है। उन्होंने कहा देश की जनता मँहगाई और बेरोजगारी से त्रस्त है और भाजपा के लोग धर्म, जाति और क्षेत्र के नाम पर जनता को बांटकर अपनी कुर्सी बचाने प्रयासों में लगी हुई है। समाज का हर वर्ग सरकार के तुगलकी फैसलों से परेशान है ।किसान, मजदूर, युवावर्ग, व्यापारी, कर्मचारी, खिलाड़ी, महिलाओं सहित सभी वर्ग निरतंर सरकार के विरुद्ध धरने प्रदर्शन कर रही है लेकिन भाजपा के नेता सत्ता के नशे में मदहोश है और किसी की बात सुनने को तैयार नहीं है।

# नाबालिग से की अश्लील हरकत, मां से भी कर चुका रेप का प्रयास

**टीम एक्शन इंडिया/पलवल**
एक विधवा महिला की नाबालिग बेटी के साथ बुजुर्ग द्वारा छेड़छाड़ की घटना सामने आई है। शनिवार को महिला थाना पुलिस ने उसकी मां की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ व पोस्को एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। एक विधवा महिला ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उसके मकान की हालत जर्जर थी। हीरालाल नामक व्यक्ति की देखरेख में उसके मकान का निर्माण कार्य कराया गया था। आरोप है कि मकान के निर्माण कार्य की देख रेख के चलते हीरालाल का उनके घर आना-जाना शुरू हो गया।

# सिसाना की बेटी कोमल ने एनडीए में सफल होकर दिया



**टीम एक्शन इंडिया/खरखौदा-सोनीपत।** पूर्व विधायक एवं वरिष्ठद्द कांग्रेसी नेता पदम सिंह दहिया ने सिसाना की बेटी कोमल दहिया के एनडीए में चयन पर खुशी व्यक्त करते हुए कोमल व उनके परिजनों को बधाइयां दी। उन्होंने कहा कि कोमल ने ग्रामीण अंचल की बेटियों को प्रोत्साहन व प्रेरणा दी है कि वे ऊंची उड़ान भरें। बेटिया बड़े स्वप्न देखें और उन्हें साकार करने के लिए जी-तोड़ मेहनत करें। सिसाना में शनिवार को एनडीए में फ्लाईंग ऑफिसर के पद पर चयनित कोमल दहिया का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में पूर्व विधायक पदम सिंह शामिल हुए। समारोह की अध्यक्षता नगर निगम के मेयर निखिल मदान ने की। पूर्व विधायक दहिया ने कोमल को आशीर्वाद देते हुए कहा कि बेटियों ने हर क्षेत्र में अपनी काबिलियत व क्षमता का लोहा मनवाया है। ऐसा कोई क्षेत्र शेष नहीं रहा जिसमें बेटियों ने नाम न कमाया हो। विपरीत परिस्थितियों व कम संसाधनों में भी बेटियों ने लगातार बेहतरीन प्रदर्शन किया है। पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया ने कोमल के पिता ललित दहिया तथा उनकी माता व अन्य परिजनों को विशेष रूप से बधाई दी। उन्होंने कहा कि सेना में ऑफिसर के पद पर चयन होना गौरवमयी उपलब्धि है। कोमल ने अपने गांव ही नहीं अपितु पूरे जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। यह सबके लिए गर्व की बात है। ग्रामीण अंचल में रहने वाली बेटियों को कोमल से सीख लेते हुए आगे बढ?ा चाहिए। नियमित रूप से कठोर परिश्रम के सहारे कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। नगर निगम के मेयर निखिल मदान ने भी कोमल दहिया को बधाई व आशीर्वाद देते हुए कहा कि नि:संदेह यह बड़ी उपलब्धि है। ग्रामीण अंचल से निकलकर इस स्थान पर पहुंचना सरल कार्य नहीं है। इसके लिए जज्बा, मेहनत और नियमित अभ्यास की आवश्यकता है। कोमल ने उदाहरण प्रस्तुत किया है कि लक्ष्य को किस प्रकार से साधा जाता है। इस अवसर पर प्रेम दहिया, विजय दहिया, अंकित दहिया, प्रेम जांगड़ा, अजीत दहिया, विजेंद्र उर्फ ढिल्लू, इंद्रजीत दहिया, दीपक ठेकेदार, जगगी नंबरदार, मनोज दहिया आदि गणमान्य व्यक्तियों ने समारोह में शामिल होकर कोमल को आशीर्वाद दिया।

# महिला वित्तीय जागरूकता एवं सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत जिला** सोनीपत के गांव महलाना में एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड ऑफ इंडिया, हरियाणा राज्य ग्रामीण आजिविका मिशन सोनीपत, द्वारा महिला वित्तीय जागरूकता एवं सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया ,जिसमें हरियाणा ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं ने भाग लिया ।महिलाओं को वित्तीय सशक्तिकरण के बारे विस्तार से जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि श्रीमती मोनिका चेयरपर्सन जिला परिषद सोनीपत एवं कार्यक्रम अध्यक्ष श्री अजय जी डी पी एम एच एस आर एल एम सोनीपत श्री सूर्यकान्त शर्मा मुख्य सलाहकार ऐम्फी एवं डा जयपाल जिन्दल ने दिप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया` अतिथियों का पुष्प गुच्छ दे कर एवं शाल उड़ा कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती मोनिका जी ने अपने संबोधन कहा कि आज के समय मे महिलाए दोहरी जिम्मेदारी निभा रही है। घर संभालने के साथ रोजगार भी करती है। अंत मे उन्होंने कहा कि इस प्रकार की जानकारी सभी के लिए लाभदायक है विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं के लिऐ कार्यक्रम के मुख्या वक्ता श्री सूर्यकांत शर्मा मुख्य सलाहकार, एसोसिएशन ऑफ म्यूअल फंड आफ इण्डिया ने महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे अटल पेन्शन योजना, सुकन्या योजना एवं जन धन योजना के बारे में जानकारी दी



और समझाया की कैसे इन योजनाओं के माध्यम से वे लाभ उठा सकती हैं । उन्होंने कहा कि इस महामारी के समय ये योजनाएँ और भी लाभकारी सिद्ध हो रही है और समझाया कि हम सबको अपनी वित्तीय स्थिति एवं लक्ष्यों को ध्यान में रखकर ही निवेश करना चाहिऐ उन्होनें विभिन्न उदाहरणों के द्वारा महिलाओ को बचत और निवेश के बारे में समझाया और दोनों के बीच का अन्तर भी बताया। कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री अजय जी ने अपने उदबोधन में महिलाओं के वित्तीय सशक्तिकरण , स्वरोजगार ,परिवार एवं समाज को आत्मनिर्भर बनाने में सहकारिता की उपयोगिता बारे विस्तार से बताया।
सम्माननीय अतिथि श्रीमती मोनिका सरपंच गांव महलाना ने समझाया कि महिला शिक्षा के माध्यम से परिवार एवं देश प्रगति के पथ बढ़ेगा उन्होंने ने अपने संबोधन में ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन के लिए ऐम्फी प्रशंसा एवं धन्यवाद किया डा॰ जयपाल जिन्दल ने महिलाओं को वर्तमान समय में हो रहें वित्तीय छल-कपट से सावधान रहने की अपील की और विभिन्न प्रकार की पौन्जी एवं फ्राड स्कीमों के बारे में समझाया की कैसे इन स्कीमों में निवेश करने से हमारी मेहनत की कमाई लुट जाती है साथ ही इनसे बचने के लिए जरूरी उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस कार्यक्रम में बचत करने और सही जगह निवेश करने के लिए प्रेरित किया। हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की सोनीपत ब्लॉक प्रमुख श्रीमती पूजा जी ने महिलाओं को हरियाणा ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे मे जानकारी दी। उन्होने कहा कि साझा की गई जानकारी सब के लिए लाभदायक सिद्ध होगी कार्यक्रम के अंत मे उन्होनें सभी अतिथिगण का स्मृति चिन्ह दे कर धन्यवाद् किया गया। इस अवसर पर विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गरीबों का भोजन मोटा अनाज आज अमीरों की पसंद हो गया है: धामी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सशक्त नेतृत्व से आज विश्व में 'श्रीअन्न' की स्वीकार्यता बढ़ी है। एक समय यह गरीबों का भोजन माना जाता था, लेकिन आज यह अमीरों की पसंद वाला भोजन बन गया है। मुख्यमंत्री शनिवार को सर्वे ऑफ इण्डिया, हाथीबड़कला, स्थित सर्वे ग्राउंड में चार दिवसीय 'श्रीअन्न' महोत्सव के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे।
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि चिकित्सक भी बीमारियों को भगाने के लिए 'श्रीअन्न' खाने की सलाह दे रहे हैं। कहने का मतलब कि बीमारियों को दूर भागने का रास्ता मोटे अनाज हैं। यह किसानों के लिए भी बहुत लाभकारी होगा। यह महोत्सव 16 मई तक चलेगा। इस महोत्सव में प्रदेश भर के किसान शामिल हुए हैं। इस मौके पर उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, राज्य के कृषि मंत्री गणेश जोशी भी मौजूद रहे।मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड सरकार मिलेट्स की खेती को प्रोत्साहन देने का काम करेगी। देश के अग्रणी राज्य में शुमार होने के साथ मिलेट्स में अग्रणी हो, इसके लिए काम किया जाएगा। राज्य में प्राकृतिक खेती की जा रही है। वर्ष 2023 मिलेट्स वर्ष मनाया जा रहा है। यह 'श्री अन्न' महोत्सव कारगर होगा। होटलों में 'श्री अन्न' मिले, इसके लिए सरकार प्रयासरत हैं। लोकप्रिय और त्योहारों में 'श्रीअन्न' को शामिल करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि 'श्रीअन्न' को घर-घर का अन्न बनाने का संकल्प लेकर महोत्सव से जाएं। यह महोत्सव अपने उद्देश्य में निश्चत ही सफलता प्राप्त करेगा।
उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि मोटे अनाजों की उत्तराखंड राजधानी रही है। उत्तराखंड की तरह उत्तर प्रदेश भी इस तरह के आयोजन कर मिलेट्स की खेती को बढ़ावा देने के लिए काम करेगा। मिलेट्स की पौष्टिकता स्वस्थ्य शरीर के लिए उपयोगी है। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड मिलकर मिलेट्स अनाजों को बढ़ावा देने के लिए देश ही नहीं विदेशों में राष्ट्र और राज्य को ऊंचाइयां देने के लिए काम करेंगे।
इस मौके पर कृषि और कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र के विशेष पहल आज मिलेट्स अनाज के प्रति लोगों का रुझान बढ़ने लगा है। कृषि की ओर नौजवान आ रहे हैं।
राज्य के बजट में 73 करोड़ का प्रावधान किया है। राज्य में कृषि भूमि का भले क्षेत्रफल घटा है, लेकिन उत्पादन बढ़ना खुशी का विषय है। सरकार वर्ष 2025 तक मिलेट्स उत्पाद को दोगुना करने का लक्ष्य को लेकर काम कर रही है। राज्य में 50 हजार स्वयंसेवी समूह में 4 लाख 37 हजार बहनें जुड़ी हैं। ये बहनें किसानों से एमएसपी पर मडुवा खरीदेंगी। इसके लिए सरकार उनको मदद कर रही है।
सचिव कृषि और कृषक कल्याण बीबीआरसी पुरुषोत्तम ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा राज्य सरकार मोटे अनाजों को बढ़ावा देने के लिए काम कर रही है। पिछले साल 22 रुपये में किसान से मडुवा की खरीद होती थी, अब 38 रुपये में इसकी खरीदी की जाएगी।

## प्रथम पर्यटन पुलिस प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
सशस्त्र प्रशिक्षण केन्द्र हरिद्वार में संचालित हो रहा पर्यटन पुलिस प्रशिक्षण कार्यक्रम हो गया। 08 मई से आरम्भ हुए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्तराखंड के समस्त जनपदों एवं जीआरपी शाखा सहित कुल 14 पुलिसकर्मियों ने हिस्सा लिया।
प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कार्मिकों को पर्यटन से जुड़े विभिन्न विषयों उत्तराखंड पर्यटन परिचय और जानकारी, चार धाम यात्रा, साहसिक पर्यटन, आपदा प्रबन्धन, साफ्ट स्किल, इको टूरिज्म, कम्यूनिकेशन स्किल, सीपीआर, बीएसएस, एफबीएओ, विभिन्न प्रकार की चोटें एवं उनसे सम्बन्धित कार्रवाई, घायल एवं बीमार व्यक्ति की लिफ्टिंग एण्ड मूविंग, उत्तराखंड की वर्तमान यातायात व्यवस्था का परिचय, चार धाम यात्रा के मुख्य मार्ग, पर्यटक स्थल, जाम की स्थिति में डायवर्जन प्लान की जानकारी एवं डायवर्जन लागू करने के सही तरीके, वन-वे प्लान लागू करने की आवश्यकता एवं तरीका, सड़क सुरक्षा के महत्वपूर्ण टिप्स, यातायात उपकरणों की जानकारी, यातायात एवं अन्य सूचनाओं के पर्यटकों तक समय से पंहुचाने में सोशल मीडिया का महत्व एवं उपयोग के तरीकों की जानकारी दी गयी।
शारीरिक फिटनेस बनाये रखने के लिये प्रतिभागियों को प्रातः काल के सत्र में पीटी, योग, तनाव प्रबन्धन के लिए ध्यान आदि का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।
प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सशस्त्र प्रशिक्षण केन्द्र के प्रशिक्षकों के अलावा विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ अतिथि वक्ताओं देव संस्कृति विश्वविद्यालय के पर्यटन संकाय से डा. अरुणेश पाराशर, डॉ. उमाकान्त इन्दोलिया, डॉ. आशीष कुमार, जिला पर्यटन अधिकारी सुरेश यादव, सेवानिवृत पुलिस निरीक्षक महेश चन्द, एसडीआरएफ से हेड कान्सटेबल दिगपाल और सिटी पेट्रोलिंग यूनिट हरिद्वार से उनि मनोहर लिंगवाल आदि ने व्याख्यान दिए।

## भाजपा महानगर के नमो एप के संयोजक नियुक्त

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी महानगर नमो विभाग के संयोजक शाकुल उनियाल और सहसंयोजक मनीष पाल को मनोनीत किया गया।
भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की सहमति से प्रदेश संयोजक नमो एप विभाग अनूप सिंह रावत की संस्तुति के पश्चात नियुक्त किया गया है। देहरादून भाजपा महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने शाकुल को मिठाई खिलाकर बधाई दी। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि पूर्व में अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निर्वहन किया है,उसी तरह दोगुनी मजबूती से नमो एप के माध्यम से पार्टी की रीति नीति को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। शाकुल उनियाल भारतीय जनता युवा मोर्चा में 2007 से विभिन्न दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। इससे पूर्व में वह महानगर देहरादून भारतीय जनता पार्टी के सह मीडिया प्रभारी का दायित्व निर्वाहन कर चुके हैं '



## बैटरी चोरी करने वाले तीन आरोपित दबोचे

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
कोतवाली रानीपुर क्षेत्र के ग्राम गढ़मीरपुर से बैटरी चोरी करने के तीन आरोपितों को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से चोरी की तीन बैटरी भी बरामद की हैं। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है।
जानकारी के मुताबिक 12 मई को रानीपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गढ़मीरपुर निवासी विपिन कुमार ने गाड़ी से बैटरी चोरी होने के संबंध में कोतवाली रानीपुर में मुकदमा दर्ज करवाया था।
मुकदमा दर्ज कर पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई और 24 घंटे के भीतर बैटरी चोरी करने के तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।

## भूपेंद्र को शंकराचार्य सदानंद ने राज ऋषि की उपाधि से नवाजा

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
मुनि की रेती स्थित शत्रुघ्न घाट पर आयोजित धार्मिक अनुष्ठान के दौरान द्वारिका पीठ के शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती के आशीर्वाद से स्वामीनारायण ने भूपेंद्र मोदी को राज ऋषि की उपाधि से सुशोभित किया।
शनिवार की सुबह मुनि की रेती शत्रुघ्न घाट पर शत्रुघ्न मंदिर के महंत मनोज प्रपन्नाचार्य की अध्यक्षता में हुए एक सौ ब्राह्मणों के अनुष्ठान के मुख्य आचार्य गिरीश कोठियाल, नरेंद्र सकलानी, सुशील नौटियाल, सुखबीर गुंसाई, आचार्य शिव प्रसाद सेमवाल के संचालन में विश्व कल्याण, भारतवर्ष को हिंदू राष्ट्रीय बनाए जाने , और चार धाम की यात्रा को सुखमय में बनाए जाने के लिए धार्मिक अनुष्ठान के उपरांत द्वारिका के स्वामी नारायण ब्रह्मचारी और द्वारका पीठाधीश्वर स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज के शिष्य द्वारकाधीश से पहुंचे नारायण ब्रह्मचारी ने विश्व धर्म एवं समाज के कल्याण के लिए भूपेंद्र मोदी को राजश्री की उपाधि से नवाजा गया।



भूपेन्द्र मोदी ने कहा कि पूरे विश्व को अंधकर से निकालने के लिए भारत को विश्व गुरु बनाए जाने की आवश्यकता है, इसके लिए हमें अपनी शक्ति को पहचानना होगा। उन्होंने कहा कि आज पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है। उनका मानना था कि भारत के संविधान में संशोधन की आवश्यकता है। भारत सनातन राष्ट्र है।
इस दौरान आनंद साहू पंकज भट्ट, रिया जोशी, महामंत्र दास ,रमा बल्लभ भट्ट, डा पूजा तिवारी,संजय शास्त्री, चंद्रवीर पोखरियाल, नीतिन अग्रवाल, कमल सिंह राणा,सहित काफी संख्या में शहर के गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

## न्यूज फ्लैश

### बद्री-केदार की यात्रा कर लौट रहे अहमदाबाद के यात्री की ऋषिकेश में मौत

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
अहमदाबाद से अपने परिवार के साथ बद्री-केदार की यात्रा कर लौट रहे एक यात्री की ऋषिकेश में हृदय गति रुक जाने से मौत हो गई। अहमदाबाद निवासी मृतक की बेटी पूजा ने बताया कि वह अपने 63 वर्षीय पापा सुनील पुत्र लक्ष्मण और परिवार के साथ 6 मई को अहमदाबाद से बद्री-केदार की यात्रा पर गए थे। वहां से यात्रा कर अहमदाबाद जाने के लिए वह शुक्रवार की रात को ऋषिकेश पहुंचे थे और तपोवन स्थित कार्बन हॉस्टल एंड होटल डेक्कन वैली में ठहरे थे कि तड़के 3:00 अचानक उनकी तबीयत खराब हुई। उन्हें आपातकालीन सेवा 108 के माध्यम से ऋषिकेश राजकीय चिकित्सालय लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया है। पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

### आसफनगर झाल में मिला एक व्यक्ति का शव

**रुड़की/टीम एक्शन इंडिया**
मंगलौर कोतवाली क्षेत्र में गंगनहर की आसफनगर झाल में आज एक व्यक्ति का शव मिला। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। इसके बाद गोताखोर ने मोनू जलवीर शव को गंगनहर से बाहर निकाला। मृतक का नाम अजरुद्दीन, सहारनपुर का निवासी है। २शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मेयर पति के हस्तक्षेप से निगम को दिलायी जाए निजात : भाटी

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा पार्षद दल के उपनेता अनिरुद्ध भाटी ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर जनहित में नगर निगम की बजट बैठक शीघ्र बुलाने के लिए मेयर को निर्देशित करने के साथ ही मेयर पति के हस्तक्षेप से निजात दिलाने की मांग की है।
भाजपा पार्षद दल के उपनेता अनिरुद्ध भाटी ने जिलाधिकारी को भेजे पत्र में कहा है कि हरिद्वार नगर निगम प्रदेश का प्रवेश द्वार होने के साथ-साथ उत्तराखंड का महत्वपूर्ण नगर निगम है, जहां आबादी से ज्यादा जनसंख्या तीर्थयात्री व पर्यटकों के रूप में प्रतिदिन आती हैं।

## पतंजलि योगपीठ पर लगाया गुरुकुल महाविद्यालय की भूमि कब्जाने के षड्यंत्र रचने का आरोप

**▶▶इस दौरान सोम प्रकाश सहित योगाचार्य कर्मवीर सहित गुरुकुल कई आचार्य व पदाधिकारी मौजूद रहे।**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
आर्य समाज की सबसे पुरानी संस्थाओं में से एक गुरुकुल महाविद्यालय के पदाधिकारियों ने पतंजलि योगपीठ पर महाविद्यालय की भूमि को कब्जाने को षड्यंत्र रचने के गंभीर आरोप लगाए हैं। इस दौरान महाविद्यालय के अधिष्ठाता सोम प्रकाश सहित योगाचार्य कर्मवीर सहित गुरुकुल महाविद्यालय के कई आचार्य व पदाधिकारी मौजूद रहे।



गुरुकुल महाविद्यालय के सभागार में शनिवार को मीडिया से बातचीत में योगाचार्य कर्मवीर ने कहा कि आजादी के समय से देश में 3 लाख 40 हजार गुरुकुल होते थे, जिसकी संख्या समय के प्रभाव के साथ आज मात्र 4 हजार रह गई। इन्हीं गिने चुने गुरुकुल महाविद्यालयों में से एक हरिद्वार के इस महाविद्यालय पर संकट के बादल छाए हुए हैं। मुझे बताया गया है कि कुछ लोग इस पर कब्जा करना चाहते हैं, लेकिन ऐसे लोगों के मंसूबों को नाकाम तभी किया जा सकता है जब महाविद्यालय का एक-एक पदाधिकारी और कर्मचारी संस्था को बचाने के लिए एक होकर साथ खड़ा हो।
उन्होंने कहा कि पूर्व में एक रुपया और एक विद्यार्थी से शुरू हुई यह संस्था (गुरुकुल महाविद्यालय) आज देश की उन बड़ी शिक्षण संस्थाओं में है जिसमें विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी दिए जाते हैं। देश की आर्थिक, धार्मिक व सामाजिक उन्नति में इस शिक्षण संस्थान से निकले विद्यार्थियों का बहुत बड़ा योगदान है।
आज अगर इस संस्था को कब्जाने या उसे समाप्त करने का कोई षड्यंत्र रचा जा रहा है तो इसे बचाने के लिए सभी को आगे आना होगा।
गुरुकुल महाविद्यालय के अधिष्ठाता सोम प्रकाश ने कहा कि पूर्व में हमारी संस्था के ही निकाले गए पदाधिकारियों ने मिलकर एक फर्जी संस्था बनाई जिसे ना जिलाधिकारी और ना ही रजिस्ट्रार से मान्यता है और उनका मामला भी कोर्ट में विवादित है, जबकि हमारी संस्था ही वर्तमान में रजिस्टर्ड है और अस्तित्व में है। उन्होंने आरोप लगते हुए कहा कि उसी फर्जी संस्था को पतंजलि योगपीठ ने महाविद्यालय की भूमि को पतंजलि योगपीठ में विलय करने सम्बन्धी एक प्रस्ताव दिया।

## बदरीनाथ वन प्रभाग ने हटाया सिविल भूमि से अतिक्रमण

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
प्रदेश सरकार की ओर से सरकारी भूमि पर अतिक्रमण को हटाये जाने के निर्देश के बाद वन विभाग भी अतिक्रमणकारियों पर सख्ती से कार्रवाई करने में जुट गया है। बदरीनाथ वन प्रभाग की ओर से थराली क्षेत्र के मध्य पिंडर रेंज एवं पूर्वी पिंडर रेंज की ओर से शनिवार तक दो दर्जन से अधिक स्थानों से अतिक्रमण हटाकर 50 हेक्टेयर से अधिक भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कर चुका है। वन अधिकारियों ने बताया कि अभियान जारी है, जिन लोगो की ओर से वन भूमि में पक्के निर्माण किये गए है उनके विरुद्ध कार्रवाई शुरू की जा रही है।

## कर्नाटक की जीत पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
कर्नाटक विधानसभा चुनाव के रुझानों में कांग्रेस सरकार बनाने की खबर पर कार्यकताओं ने विधायक रवि बहादुर के नेतृत्व में जश्न मनाया।
जटवाड़ा पुल स्थित विधायक कैंप कार्यालय पर कार्यकताओं ने एकत्र होकर ढोल बाजे पर जश्न किया और हनुमान मंदिर में माथा टेका। इस अवसर पर विधायक रवि बहादुर ने कहा कि कर्नाटक चुनाव में भाजपा ने सभी हथकंडे अपनाए, लेकिन जनता ने कांग्रेस पर विश्वास जताया। भाजपा अपनी हार को देखते हुए धर्म को बीच में लाई और बजरंग बली जो कि सभी के अराध्य देव हैं उनके नाम का भी इस्तेमाल किया। भाजपा की हर चाल नाकामयाब रही।
जनता अब उनके छलावे में नहीं आने वाली है। भाजपा और प्रधानमंत्री ने अपने काम पर नहीं बल्कि हिन्दू मुस्लिम पर चुनाव लडा जिसका नतीजा सभी के सामने है। जनता को रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जंतर मंतर पर महिला पहलवानों का धरना जारी है, लेकिन प्रधानमंत्री के पास उनसे मिलने का समय नहीं है। 2024 में कांग्रेस केंद्र में भी सरकार बनाएगी।
कार्यक्रम में मेयर प्रतिनिधि अशोक शर्मा, नईम कुरेशी, राजबीर सिंह चौहान, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि उस्मान रावत, राव आफाक, राजीव चौधरी, महेश प्रताप राना, पार्षद जफर अब्बासी, इसरार अहमद, शाहबुद्दीन अंसारी, प्रेम कीर्ति, गौरव शर्मा, दीपक भार्गव, महरूफ सलमानी,वसीम सलमानी, बीसी तेजियान, राजेंद्र श्रीवास्तव, अमित नौटियाल, अंकुर, अर्जुन कर्णवाल आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## उत्तराखंड कांग्रेस ने कर्नाटक जीत पर मनाया जश्न, बांटी मिठाइयां



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड कांग्रेस कार्यकताओं ने कर्नाटक विधानसभा में जीत पर पार्टी मुख्यालय में जमकर जश्न मनाई। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा कार्यकताओं को मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए जनता ने नये राजनीतिक समीकरण के संदेश दे दिये हैं।
इस मौके पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में पार्टी मुख्यालय से जुलूस निकाल कर घंटाघर पहुंचे और यहां हनुमान मंदिर में प्रसाद चढ़ाकर हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।
इसके पश्चात तत्पश्चात डॉ. भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।
उन्होंने कहा कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी,परन्तु वहां की महान जनता ने भाजपा व प्रधानमंत्री मोदी को करारा जवाब देकर नये राजनैतिक समीकरण बनने के संकेत दिये हैं। उन्होंने कहा कि अब देश की जनता भाजपा के जुमलों में नही आने वाली है। पिछले 8 सालों में महंगाई, बेरोजगारी से लोगों में आक्रोश बना हुआ है। किसान और मजदूर कर्ज के बोझ तले दबे हुए हैं।
महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. जसवन्दिर सिंह गोगी ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव में जीत सभी कार्यकताओं को जीत की बधाई देते हुए कहा कि आज सामाजिक तौर पर हमें जाति, धर्म, भाषा, खान-पान, वेशभूषा के आधार पर बांटा जा रहा है।
इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष संगठन/प्रशासन मथुरा दत्त जोशी,महामंत्री संगठन/प्रशासन विजय सारस्वत,पूर्व मंत्री हीरा सिंह बिष्ट,विधायक फुरकान अहमद,उपाध्यक्ष सूर्यकान्त धस्माना,मीडिया प्रभारी पीके अग्रवाल,मुख्य प्रवक्ता गरिमा माहरा दसौनी,दर्शन लाल,पछुवादून की अध्यक्ष लक्ष्मी अग्रवाल,अभिषेक तिवाडीं,विकास नेगी, विरेन्द्र पंवार, मनीष वर्मा, नवनीत सती आदि मौजूद थे।

## गंगा पथ यात्रा को स्वामी चिदानंद और डीएम पौड़ी ने दिखाई हरी झंडी

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
ऋषिकेश परमार्थ निकेतन से देवप्रयाग तक गंगा पथ यात्रा को स्वामी चिदानंद महाराज और जिलाधिकारी पौड़ी डॉ. आशीष चौहान ने झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा से पूर्व परमार्थ निकेतन में विश्व कल्याण और शांति की कामना को लेकर यज्ञ किया गया।
इस दौरान पौड़ी के जिलाधिकारी आशीष चौहान ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यह यात्रा उत्तराखंड के विकास और लुप्त होती चारों धामों के यात्रा मार्गों पर पुरानी चट्टियों की पुरानी यादों को भी ताजा करने में सार्थक सिद्ध होगी। दरअसल, प्राचीन काल से ही ऋषिकेश से केदारनाथ तक पहुंचने के लिए पैदल मार्ग का इस्तेमाल किया जाता था। इसकी शुरूआत ऋषिकेश के निकट मोहन चट्टी से होती थी। इस मार्ग से यात्रा ऋषिकेश से गंगा किनारे-किनारे पहाड़ों से होकर देवप्रयाग, श्रीनगर होते हुए रुद्रप्रयाग पहुंचती थी। यह बेहद ही दुर्गम था।
जिलाधिकारी चौहान ने कहा कि पहले यात्रा मार्ग दुर्गम होने के कारण यात्री भिन्न भिन्न पड़ावों पर रात्रि विश्राम के लिए रुकते और फिर मिल जुलकर सभी तीर्थ यात्री आगे बढ़ते थे। इन्हीं पड़ावों को चट्टी कहा जाता था। इसलिए आप जब चारधाम यात्रा कर रहे होंगे तो हर धाम तक पहुँचने के दौरान कई चट्टियां मिलेंगी। जैसे बदरीनाथ मार्ग पर हनुमान चट्टी, केदारनाथ मार्ग पर गरुड़चट्टी, जंगलचट्टी आदि मिलेंगी ।
इस रूट से यात्रा दुर्गम होने के बावजूद तीर्थयात्री देश भर से आते रह हैं, लेकिन वर्ष 1928 आते आते ऋषिकेश से कीर्तिनगर तक मोटर मार्ग बन चुका था और फिर इस पैदल मार्ग का प्रयोग लगभग बंद हो गया। उन्होंने कहा कि गंगा पदयात्रा पौराणिक मार्ग को पुनर्जीवित करने की पहल के चलते ऋषिकेश से केदारनाथ तक के पौराणिक मार्ग को जीवंत किया जा रहा है। पौड़ी जिलाधिकारी डॉक्टर आशीष चौहान ने इसको पुनः मूल स्वरूप में लाने की पहल की है। इस योजना को गंगा पदयात्रा नाम दिया गया है।
इस योजना के अनुसार इस वर्ष से ऋषिकेश से देवप्रयाग तक पैदल चार धाम यात्रा शुरू होगी। ऋषिकेश से देवप्रयाग तक सड़क मार्ग से दूरी 73 किलोमीटर है। इस पैदल से मार्ग से यह दूरी 67 किलोमीटर की होगी।
मार्ग ट्रैकिंग और एडवेंचर के शौकीन लोगों को भी आकर्षित करने के लिए तैयार किया गया है। पौड़ी जिलाधिकारी चौहान के अनुसार उन्होंने गंगा पदयात्रा शुरू किए जाने की योजना तैयार की है और वह खुद इस मार्ग पर 22 किलोमीटर की पदयात्रा कर चुके हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इस मार्ग पर प्रकृति और अध्यात्म का अनूठा संगम होगा। यात्री मां गंगा एवं प्रकृति की विविधता के एहसास को आत्मसात करते हुए यात्रा का आनंद उठा सकेंगे। इससे रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर भी विकसित होंगे। इस यात्रा की शुरूआत साधु संतों के पहले जत्थे से की जायेगी।



## संपादकीय

# पाकिस्तान में मार्शल लॉ लगने के आसार

**पाकिस्तान** नागरिक विद्रोह की आग में जल रहा है' यह इतिहास में पहली बार हुआ है कि पाकिस्तान में सेना और आम नागरिक आमने-सामने हैं. इमरान खान को कई केसों में जेल भेज कर सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर छोड़ना पड़ा, पर इमरान पूरी तरह से अभी छूटे नहीं है' इमरान की गिरफ्तारी में उनके समर्थकों ने सड़क पर आकर जो तोड़फोड़ और सरकारी संपत्ति का नुकसान किया है उस घटना ने पाकिस्तान को 20 साल पीछे धकेल दिया है' शहवाज शरीफ की सरकार बुरी तरह से घबराई हुई है और वहां के सेना के जनरल मुनीर मार्शल लॉ लगाने की तैयारी में है' यह उल्लेखनीय है कि सेना के 6, 7 कमांडर इमरान खान के खुले समर्थक हैं इस स्थिति में मार्शल ला लगना भी संभावित नहीं दिखाई दे रहा है'

पाकिस्तान पहले से ही परेशान, कर्ज में डूबा हुआ और महंगाई, बेरोजगारी से बुरी तरह त्रस्त रहा है' शहबाज शरीफ सरकार के पास शासन चलाने के लिए पर्याप्त धनराशि भी नहीं है' शरीफ के पास सरकार चलाने का पर्याप्त अनुभव भी नहीं है' 1947 में स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद पाकिस्तान सरकार में 18 प्रधानमंत्रियों में से एक प्रधानमंत्री भी अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सका है ।करेला ऊपर से नीम चढ़ा पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने पाकिस्तानी सेना और शाहबाज शरीफ सरकार की नाक में दम कर रखा है। रावलपिंडी में इमरान खान पर गोली दागने से क्रोधित समर्थकों ने कई जगह सेना पर आक्रमण कर मेजर जनरल, गृहमंत्री राणा और प्रधानमंत्री के निवास को घेरकर तोड़फोड़ की है। इमरान खान के समर्थक अब रावलपिंडी से इस्लामाबाद तक लोंग मार्च करेंगे और सेना तथा सरकार का खुलकर विरोध करने वाले हैं। 1947 से स्वतंत्रता के बाद यह पहली बार हुआ जब सेना के विरुद्ध पाकिस्तानी आवाम खुलकर विद्रोह करने पर आमादा है। ऐसा लगता है कि वहां सरकार तथा सेना के विरुद्ध आम नागरिकों का विद्रोह हो जाएगा। पहली बार सेना के जनरल मुनीर की की सेना आवाम से डरी दिखाई दे रही है, पाकिस्तान विद्रोह की ज्वालामुखी कर बैठा है कभी भी विस्फोटक स्थिति बन सकती है। यह तथ्य सार्वजनिक है कि पाकिस्तान चीन का सबसे बड़ा शागिर्द देश है। अमेरिका ने इसी के फल स्वरुप पाकिस्तान को सबसे संदिग्ध एवं खतरनाक आतंकवादी देश घोषित कर दिया है। इस बात से तिलमिलाकर शहबाज शरीफ चीन की यात्रा पर जाने वाले हैं वहां वह आपसी संबंधों को फिर से सुधारने तथा देश चलाने के लिए आर्थिक मदद की गुहार लगाने जाएंगे। पाकिस्तान की हालत बहुत ज्यादा खराब एवं पतली है। पाकिस्तान में रोजमर्रा के खर्चे के लिए पैसे नहीं है और उस पर इमरान खान लगातार सड़कों पर मार्च कर रहे हैं । उन्होंने रावलपिंडी से लेकर इस्लामाबाद तक आंदोलन कर दिया है। चीन ने पाकिस्तान को पूरी तरह से आर्थिक रूप से गुलाम बनाकर अपना शिकंजा कस लिया है। पाकिस्तान की सरकार चीन के रहमों करम पर पूरी तरह से पलती आ रही है। चीन पाकिस्तान को अरबों डॉलर का कर्जा देकर उसे अपने गुलाम की तरह बना कर रख दिया है। पाकिस्तान की हुकूमत भले ही चाइना की जी हुजूरी करती आ रही है और उसके हां में हां मिलाती हो पर पाकिस्तानी जनता को न तो चीनी भक्ति पसंद है, ना चीन की कोई उपभोक्ता वस्तु ही पसंद है।

# सोता हूँ माँ चैन से, जब होती हो पास

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

> “मां को देवी सम्मान दिलाना वर्तमान युग की सबसे बड़ी आवश्यकता में से एक है। मां प्राण है, मां शक्ति है, मां ऊर्जा है, मां प्रेम, करुणा और ममता का पर्याय है। मां केवल जन्मदात्री ही नहीं जीवन निर्मात्री भी है। मां धरती पर जीवन के विकास का आधार है। मां ने ही अपने हाथों से इस दुनिया का ताना-बाना बुना है। सभ्यता के विकास क्रम में आदिमकाल से लेकर आधुनिककाल तक इंसानों के आकार-प्रकार में, रहन-सहन में, सोच-विचार, मस्तिष्क में लगातार बदलाव हुए। लेकिन मातृत्व के भाव में बदलाव नहीं आया। उस आदिमयुग में भी मां, मां ही थी। तब भी वह अपने बच्चों को जन्म देकर उनका पालन-पोषण करती थीं। उन्हें अपने अस्तित्व की रक्षा करना सिखाती थी। आज के इस आधुनिक युग में भी मां वैसी ही है। मां नहीं बदली”

**मां** शब्द का विश्लेषण शायद कोई कभी नहीं कर पाऐगा, यह दो शब्द इतना विशालता अपने अंदर समेटे हुए है जिसका व्याख्या करना संभव नहीं है। बच्चा पैदा लेने के बाद सबसे पहले जो शब्द बोलता है वह है माँ। माँ वो है जो हमें जीना सिखाती है, दुनिया में वो पहला इन्सान जिसे हम मात्र स्पर्श से जान जाते है वो होती है माँ। 9 महीने तक अपने पेट में रखने के बाद, इतनी परेशानियों के बाद वो हमें जन्म देती है। वो होती है माँ छोटे हो या बड़े माँ को हर वक्त अपने बच्चे की चिंता होती है। माँ का प्यार अँधा होता है जिसे केवल अनुभव किया जा सकता है। भारत की संस्कृति में माता को पूजनीय माना जाता है। मां को खुशिया और मान सम्मान देने के लिए पूरी जिंदगी भी कम होती है। फिर भी विश्व में मां के सम्मान में मातृ दिवस मनाया जाता है। स्नेह, त्याग, उदारता और सहनशीलता के कितने प्रतिमान गढ़ती है माँ, इसे कौन देखता है। उसका वात्सल्य अपने बच्चों के लिए कितनी बार आंसू बहता है। यह वह दिन है जब हम अपनी मां के आभारी होते है जिसने हमें इतना कुछ दिया है और अभी भी हमारे लिये बहुत कुछ कर रही है।

माँ को परिभाषित करने के लिए शब्द कम पड़ जायेंगें लेकिन उसे हम कुछ शब्दों में परिभाषित नहीं कर पायेंगें।

माँ ममता की खान है, धरती पर भगवान !
माँ की महिमा मानिए, सबसे श्रेष्ठ-महान !!
माँ कविता के बोल-सी,कहानी की जुबान !
दोहो के रस में घुली, लगे छंद की जान !!
माँ वीणा की तार है, माँ है फूल बहार !
माँ ही लय, माँ ताल है,जीवन की झंकार !!
माँ ही गीता, वेद है, माँ ही सच्ची प्रीत !
बिन माँ के झूठी लगे, जग की सारी रीत !!
माँ हरियाली दूब है, शीतल गंग अनूप !
मुझमे तुझमे बस रहा, माँ का ही तो रूप !!

कोई भी चोट पहले माँ को लगती है फिर बच्चे को। मां के प्यार का कर्ज



चुकाया नहीं जा सकता। बच्चा चाहें कितना भी बड़ा हो जाऐ माँ का आँचल उसे सबसे सुरक्षित महसूस होता है। तो उस माँ के लिए भी एक दिन उसका अपना होना आवश्यक हो जाता है। इसे लोकप्रिय बनाई अमेरिका की ऐना ने। जी हां,लाखों लोग इस दिन को मर्दस डे एक सुअवसर के रूप में मनाते है और अपनी माँ को उनकेबलिदान, समर्थन, प्रयास के लिए दिल से धन्यवाद करते है। यही वजह है कि हर साल मई के दूसरे रविवार को दुनिया भर में मदर्स डे मनाया जाता है। साल का एक दिन सिर्फ मां के नाम होता है, जिसे मदर्स डे के नाम से हम जानते है। मां को सम्मान देने वाले इस दिन को कई देशों में अलग-अलग तारीख पर सेलिब्रेट किया जाता है। लेकिन भारत समेत ज्यादातर देशों में मई के दूसरे रविवार को ही मदर्स डे के रूप में मनाया जाता है। अगर आप अपनी माँ के साथ रहते है तो उन्हें गले लगा कर विश करें, आप अपनी माँ के साथ साथ दुनिया की हर माँ का सम्मान करें, आदर करें, तो इससे बड़ा तोहफा दुनिया में कुछ और हो हीनहीं सकता और माँ का आर्शिवाद सदा कवच बनकर आपको हर कष्ट से मुक्ति दिलाती है। हम मदर्स डे की औपचारिकता अवश्य निभाते है मगर वास्तविकता इससे बहुत दूर है। जब तक माँ के हाथ पैरों में जान है और गांठ में पैसे है हम माँ को प्यार करते है मगर जैसे ही ये दोनों चीजे माँ से दूर चली जाती है हमारे प्यार का पैमाना भी बदल जाता है विशेषकर माँ के वृद्धावस्था के दिनों में। उस समय हम अपने बीबी बच्चों में घुलमिल जाते है और माँ को बेसहारा छोड़ देते है। बुढ़ापा बहुत बुरा होता है। यह वही समय है जब माँ को सबसे ज्यादा प्यार की जरुरत होती है और हम माँ को दुत्कार देतेहै। यह समय किसी भी माँ के लिए बहुत दुखभरा है। वह अपने बच्चों को अपना सब कुछ लुटा कर बड़ा करती है और यही बच्चा बड़ा होकर सबसे पहले अपनी माँ को ही अलग थलग कर देता है। भारत के अधिकांश घरों की यही कहानी है जिसे झुठलाया नहीं जा सकता। आश्चर्य की बात है की आज की पढ़ी लिखी युवा पीढ़ी अपने वृद्ध मातापिता का सम्मान नही करती है। वृद्ध हो जाने पर संताने अपनी संतानों को तो बहुत प्यार दुलार करती है, पर वृद्ध माता-पिता अपेक्षित महसूस करते है।

मां को देवी सम्मान दिलाना वर्तमान युग की सबसे बड़ी आवश्यकता में से एक है। मां प्राण है, मां शक्ति है, मां ऊर्जा है, मां प्रेम, करुणा और ममता का पर्याय है। मां केवल जन्मदात्री ही नहीं जीवन निर्मात्री भी है। मां धरती पर जीवन के विकास का आधार है। मां ने ही अपने हाथों से इस दुनिया का ताना-बाना बुना है। सभ्यता के विकास क्रम में आदिमकाल से लेकर आधुनिककाल तक इंसानों के आकार-प्रकार में, रहन-सहन में, सोच-विचार, मस्तिष्क में लगातार बदलाव हुए। लेकिन मातृत्व के भाव में बदलाव नहीं आया। उस आदिमयुग में भी मां, मां ही थी। तब भी वह अपने बच्चों को जन्म देकर उनका पालन-पोषण करती थीं। उन्हें अपने अस्तित्व की रक्षा करना सिखाती थी। आज के इस आधुनिक युग में भी मां वैसी ही है। मां नहीं बदली। विक्टर ूगो ने मां की महिमा इन शब्दों में व्यक्त की है कि एक मां की गोद कोमलता से बनी रहती है और बच्चे उसमें आराम से सोते हैं।

तेरे आँचल में छुपा, कैसा ये अहसास !
सोता हूँ माँ चैन से, जब होती हो पास !!

माँ तेरे इस प्यार को, दूँ क्या कैसा नाम !
पाये तेरी गोद में, मैंने चारों धाम !!

मां को धरती पर विधाता की प्रतिनिधि कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। सच तो यह है कि मां विधाता से कहीं कम नहीं है। क्योंकि मां ने ही इस दुनिया को सिरजा और पाला-पोशा है। कण-कण में व्याप्त परमात्मा किसी को नजर आये न आए मां हर किसी को हर जगह नजर आती है। कहीं अण्डे सेती, तो कहीं अपने शावक को, छोने को, बछड़े को, बच्चे को दुलारती हुई नजर आती है। मां एक भाव है मातृत्व का, प्रेम और वात्सल्य का, त्याग का और यही भाव उसे विधाता बनाता है।

मां विधाता की रची इस दुनिया को फिर से, अपने ढंग से रचने वाली विधाता है। मां सपने बुनती है और यह दुनिया उसी के सपनों को जीती है और भोगती है। मां जीना सिखाती है। पहली किलकारी से लेकर आखिरी सांस तक मां अपनी संतान का साथ नहीं छोड़ती। मां पास रहे या न रहे मां का प्यार दुलार, मां के दिये संस्कार जीवन भर साथ रहते हैं। मां ही अपनी संतानों के भविष्य का निर्माण करती हैं। इसीलिए मां को प्रथम गुरु कहा गया है। स्टीव वंडर ने सही कहा है कि मेरी माँ मेरी सबसे बड़ी अध्यापक थी, करुणा, प्रेम, निर्भयता की एक शिक्षक। अगर प्यार एक फूल के जितना मीठा है, तो मेरी माँ प्यार का मीठा फूल है। अब हमारी बारी है की हम अपनी माँ को सम्मान दे और प्यार दे जिससे वह अपनी बची जिंदगी हंसी खुशी से व्यतीत कर सके।

## कविता

### कौन तुमको कह रहा

क्यों है इतना भ्रम मनुज
क्यों व्यर्थ का उन्माद है
कौन तुमको कह रहा है
बस भेद ही अपराध है

शांति जिसका ध्येय हो
यह आर्यवर्त वह देश है
किंतु तुमको भा रहे जो
नरभक्षियों के भेष है

है घृणा सबके हृदय में
सब बुरे अपने वलय में
किंतु इतना सत्य मानो
दानवों को तुच्छ जानो

तुच्छ जानो हर विचार
जिससे नरसंहार हो
जिसके मुख जिह्वा से
बस गरल-उदगार हो

शांति के द्रोही जो होंगे
हिंसा जहाँ उद्देश्य हो
मन में अकारण द्वेष हो
षड्यंत्र ही षड्यंत्र हो

है समय पहचान लो
सब व्यर्थ ही का दर्प है
बात समझो तुम मनुज
सिंह से घातक सर्प है

जिसका निज कोई नहीं
विष्दंत है सबको डसेगा
तुमको लगते वे स्वजन
भ्रम तुम्हारा भी हटेगा

ना प्रेम ना अनुराग है
लक्ष्य ही लहूपात है
कौन तुमको कह रहा है
बस भेद ही अपराध है

**जया मिश्रा**

# कर्नाटक जनादेश का मतलब

**कृष्ण कुमार निर्माण**

**कर्नाटक** के चुनाव नतीजे आ चुके है।इससे पहले कि आगे बढ़े,एक बार चुनाव प्रचार के दौरान की कुछ विशेष घटनाएं याद करना जरूरी है।जैसे कि भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी थी,गालियां तक भाजपा के बड़े नेता गिनवा चुके थे,विपक्ष के घोषणा पत्र को अपनी तरह से परिभाषित करते हुए बजरंग बली से जोड़ा गया,जो कि निहायत अनुचित था।उधर कांग्रेस भी कम नहीं रही मगर कांग्रेस के पास ले-देकर प्रियंका है,जो कर्नाटक के नाटक में अहम रोल निभाती दिखाई दी।वैसे खड़गे भी स्क्रीन पर निरंतर रहे।भारत जोड़ो यात्रा निसंदेह कांग्रेस के लिए जरूर फायदे का सौदा रहा।निसंदेह कांग्रेस के नेताओं की भाषा उचित नहीं ठहराई जा सकती।मगर जिस ताम-झाम के साथ भाजपा चुनाव लड़ती है,हर बार,वो गजब का होता है।तमाम मंत्री,मुख्यमंत्री,खुद पीएम और एक बार उस रोड़-शो के दृश्य जेहन में घुमाइए और तमाम भाषणों को जेहन में रखिए।चूंकि नतीजे सामने हैं।और कांग्रेस की जीत साफ हो चुकी है।स्पष्ट बहुमत आ चुका है। तो क्या बकौल भाजपा नेता यह मान लिया जाए कि जो जीतता है,लोग उसकी नीतियों में विश्वास करते है।मायने यह कि भाजपा की किसी भी बात पर,भाजपा के किसी नेता की बात पर और भाजपा की किसी नीति पर जनता ने भरोसा नहीं किया बल्कि माना ही नहीं।यहाँ वोट प्रतिशत का जिक्र छोड़ दीजिए।वैसे यह हार भाजपा को पूरे दक्षिण भारत से बाहर करती है और यह जीत कांग्रेस के लिए संजीवनी का काम करेगी,जिससे न केवल विपक्षी एकता मजबूत होगी बल्कि कांग्रेस का कद भी बढ़ेगा।मगर कांग्रेस की अंदरूनी लड़ाई कांग्रेस के लिए बड़ा खतरा भी साबित हो सकती है।जो कांग्रेस की जन्मजात लाइलाज बीमारी है।मगर यह जीत इतना जरूर साफ तय कर रही है कि जिन गालियों को मुद्दा बनाया गया,उसे जनता ने नकार दिया,जिस बजरंग बली को मुद्दा बनाया गया,उसे तो कतई नकार दिया गया,हवाई बातें स्वीकार नहीं की गई,इस बात पर जनता ने मोहर लगा दी कि डबल इंजन की सरकार ने पिछले पांच साल में जमकर भ्रष्टाचार किया था।वैसे भी 2018 में कर्नाटक में भाजपा सबसे बड़ी बड़ी पार्टी बनकर जरूर उभरी थी मगर सरकार कांगेस और जेडीएस ने बना ली थी मगर बाद में ऑपिरशन लोटस करके भाजपा सत्ता पर आसीन हो गई थी।इस चुनाव ने फिर से सिद्ध कर दिया कि अगर ठीक से चुनाव लड़ा जाए तो भाजपा को हराया जा सकता है।यहीं यह बताते चले कि यदि 24 में विपक्ष ने भाजपा से सीधी लड़ाई बना ली तो भाजपा का सत्ता से बाहर होना निश्चित हो सकता है क्योंकि यह तय है कि जहाँ भी भाजपा और कांग्रेस में सीधी टक्कर होगी तब-तब भाजपा नुकसान में रहती है और कांग्रेस फायदे में रहती है। वैसे बजरंग बली ने अपनी गदा का जबरदस्त प्रहार उन लोगों पर जरूर किया है जो उनका नाम लेकर कट्टरता दिखाते हैं और हिंसा करते हैं।दूसरे लव जेहाद के मसले नगण्य रहे।मसलन साफ बात इस जनादेश का मतलब यह रहा कि भावनात्मक मुद्दे ज्यादा दिन नहीं टिकेंगे और जो भी सत्ता में हो,उसे जनता के काम करके दिखाना होगा। साथ ही यह तय हो गया कि देर से ही सही, हर किसी को जनता के मूल मुद्दों पर ही चुनाव लड़ना होगा।

## विचार

# मत का सही उपयोग ही राजनीति की दशा और दिशा बदल सकता है

**मनमोहन प्रकाश**

**समय** बहुत तेजी से बदल रहा है। जीवन शैली के साथ मानवीय आस्थाएं , मान्यताएं और निष्ठाएं भी बदल रही हैं। आज का मनुष्य अधिक स्वार्थी और लोभी हो चला है। उसका अपना हित सर्वोपरि है। प्रकृति सह जीवन,दीन दुखी गरीबों की सहायता, राष्ट्र की आन- बान- शान के लिए मर- मिटने की भावना, दूसरों के लिए आदर- सम्मान सूचक शब्दों का प्रयोग, सभी धर्म- संप्रदाय के प्रति मान- सम्मान, व्यवहार में सदाचार, भाईचारा, सहिष्णुता,परोपकार जैसे शब्द उसके आचरण रुपी शब्दकोश से धीरे-धीरे विलुप्त हो रहे हैं और उसके स्थान पर अनैतिक आचरणों से जुड़े शब्द जैसे लूट-पाट, चोरी-चौपाटी- डकैती, असहिष्णुता, बलात्कार, भ्रष्टाचार, नशावृत्ति आदि अपना स्थान पक्का करते जा रहे हैं। शायद यही वो संकेत है जिसके आधार पर हम कह सकते हैं कि हम कलियुग की ओर बढ़ रहे हैं। हम सबने पढ़ा है कि कलयुग में सब कुछ बदल जाता है तो फिर राजनीति का स्वरूप भी बदलना लाजमी है। आज राजनीति में दूसरों को नीचा दिखाना (विशेषकर अपने प्रतिद्वंद्वी को) नेताओं की आदत बनती जा रही है। स्वस्थ स्पर्धा लुप्त हो रही है।आज राजनेता अधिकार और पद के बिना रहना भूलता जा रहा है या यूं कहें उसके बिना उसे नींद नहीं आती है। उसका लक्ष्य किसी भी तरह से पहले चुनाव जीतना, फिर पद पाना रह गया है।

ऐसी मान्यता रही है कि मनुष्य राजनीति में समाज की सेवा के लिए आता है। राजनीति में आकर वह गरीबों को उनका अधिकार मिल सके इसके लिए प्रयास करता है। नियम- कानून-योजनाएं समाज के अंतिम वर्ग को ध्यान रख कर बनाई जानी चाहिए, उनका सही क्रियान्वयन हो इसका ध्यान रखे जाने का प्रयास करना चाहिए। किन्तु आज राजनीति और उसका उद्देश्य बदलता दिखाई दे रहा है। आज व्यक्ति राजनीति में आदर और सम्मान के साथ अधिकार और रूतवा हासिल करने की चाह में आता है , उसका धंधा दिन-दूनी रात चौगुनी वृद्धि कर सके इसकी लालसा में आता है, उसके गलत काम को सही ठहराया जा सकें इसकी आशा में प्रवेश करता है। ऐसे गिनें चुनें ही राजनैतिज्ञ मिलेंगे जिन्होंने विशुद्ध समाज और देश सेवा के लिए राजनीति क्षेत्र का चयन किया हो। इसीलिए शायद वर्तमान राजनीतिक इकोसिस्टम में कुछ अच्छे लोगों के साथ- साथ वे व्यक्ति भी प्रवेश कर रहे हैं जो कई अपराधिक प्रकरण में लिप्त हैं। हमारे देश में अतिक जैसे माफिया और फूलन देवी जैसी डाकू और हत्यारे भी चुनाव जीत कर माननीय हो जाते हैं। इन आपराधिक व्यक्तियों का चुनाव जीतना कई प्रश्न खड़े करता है -आखिर जनता इनको चुनती क्यों है? क्या डर-भय के कारण? क्या जनता के पास अच्छे व्यक्ति को चुनने का विकल्प नहीं रहा इसलिए?या कोई अन्य मजबूरी है। नोटा का विकल्प भी उस समय बेमानी हो जाता है,जब जीत बहुमत के आधार पर हो। भारत की प्रजातंत्र प्रणाली में ऐसे प्रयास भी दिखाई नहीं दे रहे जिससे साफ- सुथरी छवि वाले व्यक्ति इस ओर आकर्षित हों। आज तो चुनाव प्रचार की भाषा भी अपना रुप बदल रही है और मयार्दा भूलती जा रही है । लगता है नेताओं को किसी को कुछ भी बोलने का अधिकार मिल गया है। दूसरों के प्रति असम्मानजनक और फूहड़ भाषा के प्रयोग में ही कुछ नेता अपना पराक्रम खोज रहे हैं, चिंतन की नवीनता सिद्ध कर रहे हैं। चुनाव प्रचार में पार्टी की भविष्य की योजनाएं कम सुनाई पड़ती है, संवैधानिक मयार्दा की धज्जियां उड़ाते आरोप-प्रति- आरोप ज्यादा सुनाई पड़ते हैं। पिछले कुछ वर्षों में राजनेताओं में एक और नया चरित्र देखने को मिला है। उनमें पार्टी के सिद्धांत और नीतियों में आस्था ,विश्वास और निष्ठा तभी तक दिखाई देती है जब तक उनके पास कोई पद है, पार्टी में उनकी पूछ-परख है। यद्यपि अधिकांश छोटे कार्यकर्ता अपनी पार्टी के साथ खड़े दिखाई देता है,या यूं कहें कि यह उसकी मजबूरी है। यह तथ्य इस बात से भी सिद्ध होता है कि चुनाव आते ही जब किसी राजनैतिज्ञ को किसी पार्टी से चुनाव में टिकट मिलने की आशा खत्म हो जाती है , पार्टी तथा अन्य संस्थानों में कोई बड़ा पद नहीं मिलता है तो ऐसे राजनेता टिकट की घोषणा के पहले या बाद में पार्टी बदल लेते हैं।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक, राकेश भारद्वाज द्वारा मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से मुद्रित एवं 7/1 बल्लूपुर रोड, डॉ. टी पटनायक के सामने, कृष्णा नगर चौक के पास देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र देहरादून ही होगा।

**सम्पादक: रवि भारद्वाज (+919999889104)**
**actionindiaddn@gmail.com**

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# अपने ही प्रधानमंत्रियों का दुश्मन पाक

**आर.के. सिन्हा**

**पाकिस्तान** में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी पर हैरान होने की जरूरत नहीं है। हालांकि वह रिहा हो चुके हैं। पाकिस्तान में इमरान से पहले भी कई प्रधानमंत्रियों को जेल की हवा खानी पड़ी है। सबसे पहले 1960 में सैनिक तानाशाह अयूब खान ने प्रधानमंत्री हुसैन शहीद सुहारावर्दी को जेल भेजा था। सुहारावर्दी देश के विभाजन से पहले बंगाल राज्य के प्रधानमंत्री थे। तब किसी राज्य के मुखिया को प्रधानमंत्री ही कहा जाता था। जब 1946 में जिन्ना के डायरेक्ट एक्शन के आह्वान के बाद कोलकाता में हिंसा भड़की तब सुहारावर्दी ही बंगाल के प्रधानमंत्री थे। कहते हैं कि उन्होंने हिन्दुओं के खिलाफ हिंसा को रुकवाने की कोई चेष्टा नहीं की थी। हिंसा को हवा जरूर दी।

खैर, उनके बाद जुल्फिकार भुट्टो को जालंधर में पैदा हुए जिया उल हक ने जेल भेजा। उसके बाद भुट्टो को फांसी भी हुई। भुट्टो के बाद उनकी बेटी बेनजीर भुट्टो को भी जेल जाना पड़ा। फिर उनकी हत्या भी हुई। नवाज शरीफ और शाहिद अब्बासी ने भी प्रधानमंत्री के रूप में जेल की सलाखों के पीछे वक्त बिताया है। यही पाकिस्तान का चरित्र है। वहां पर निर्वाचित प्रधानमंत्रियों को पद से हटाने और गिरफ्तार किये जाने की परंपरा पुरानी है। हां, इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद पाकिस्तान जिस तरह से जलने लगा है, उस तरह के हालात पहले कभी देखने में नहीं आये। इस लिहाज से इमरान खान की गिरफ्तारी थोड़ी अलग जरूर है। इमरान खान को करप्शन के आरोपों में जेल में डालने के कारण पाकिस्तान जलने लगा है। सारे देश का गुस्सा इमरान खान के सियासी शत्रुओं से ज्यादा सेना पर है। अवाम का कहना है कि पाकिस्तान को कभी पटरी पर आने ही नहीं दिया सेना ने। उसने देश में जम्हूरियत की जड़ों को मजबूत नहीं होने दिया। यह पाकिस्तान की जनता की सोच में बहुत बड़े बदलाव का संकेत भी है। एक दौर में पाकिस्तान की अवाम अपनी सेना के लिए जां निसार करती थी। पर अब उसे जन्नत की हकीकत समझ आने लगी है। उसके सामने सच्चाई आ गई है। उसे पता चल गया है कि सेना के पूर्वी पाकिस्तान में कत्लेआम के कारण पूर्वी पाकिस्तान बांग्लादेश बना।

# नादान सवाल

**डॉ. सुरेश कुमार**

**वह** मलीन बस्ती है। रेतीले पैर नमकीली चमड़ी वाले चेहरों पर हल्की मुस्कान के सिवाय कुछ नहीं है। उनके पास न शहर की चकाचौंध है न बनावटी रिश्ते। न दिखावा है न गिरते मूल्यों की सड़ांध। जो कुछ है सब उनकी कुटिया है। उनके पास कहने को रुपया-पैसा बिल्कुल नहीं है। इसके लिए न उन्हें स्विज बैंक की जरूरत पड़ती है न बिनामी लोगों की। अपने नाम से जीते हैं और अपने नाम से मरते हैं। गरीबी की पहचान को सीने से लगाए जिंदगी भर तिल-तिलकर जीते हैं। इनका जो कुछ है वह सब कुछ समुद्र है। इनके सारे रिश्ते नाते समुद्र से होते हैं। यहीं जीते और यहीं मरते हैं। ऐसे ही किसी समुद्री तट वाली बस्ती में एक छोटे से नाले का मुँह बंद करने के लिए गीले सिमेंट का लेप बनाया जा रहा है। एक सात साल की लड़की तख्ती लेकर वहीं बैठी है। वह लकड़ी की तिलिया लेकर गीले सिमेंट पर कुछ लिखकर चली गयी। मानो किसी यक्ष ने कोई प्रश्न लिख दिया हो। क्या लिखा होगा उस पर?! दो अक्षरों का सवाल कब। कुछ देर पहले तक गीला सिमेंट मात्र सिमेंट भर था। अब वह शर्म से गीला-गीला हो चुका था। मानो उस लड़की ने निर्जीव सिमेंट पर ह्यकबह्ण लिखकर उसे जीता-जागता आईना बना दिया हो। दिखने में मात्र दो अक्षरों का सवाल कब था लेकिन परोक्ष रूप से कई सवालों के प्रतिबिंब के रूप में चीख-चीखकर हमसे, आपसे और सबसे कुछ जवाब मांग रहे थे। मुस्कानों को गाड़कर कब्रस्तान बनाने वाले चेहरे पर खुशियाँ कब लौटेंगी? चुपचाप जलने वाली चिताओं की आग को बुझाने वाली साँस रूपी हवा में लंबी उम्र का तरल जल कब लौटकर आएगा? वे मछुआरे जो बहुत जल्द लौटकर आने का वादा करके गए थे, वे कब लौटेंगे? उनकी राह जोहती आँखों को सुकून कब मिलेगा? अपने प्यारों की चिंता में पल-पल घुट-घुटकर मरने वालों को उनके लौटने की खुशखबरी कब मिलेगी? कुछ बाहें माँ-बाप से लिपटकर ऐसे बिछुड़े जो कि अब तक उसी स्पर्श की याद में रो-रोकर अधमरे हो चुके हैं। न जाने वे कब तक लौटेंगे? दूध के लिए बिलखते बच्चों को दूध का वादा करके टोकरी कमर पर लटकाए घर से निकली माँ अब तक नहीं लौटी है। न जाने वह किस तूफान में गुम हो गयी है।

## न्यूज फ्लैश

### डॉ. अनिल काकोडकर ने पोखरण 1998 की इनसाइड स्टोरी का खुलासा किया

**नई दिल्ली।** पोखरण परीक्षण की 25वीं वर्षगांठ को चिह्नित करते हुए, सार्थक बातचीत और चर्चाओं को होस्ट करने पर केंद्रित आगामी भारतीय सोशल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म खुल के ने हाल ही में एक प्रतिष्ठित न्यूक्लियर इंजीनियर और न्यूक्लियर ऊर्जा आयोग के पूर्व चेयरमैन डॉ. अनिल काकोडकर के साथ एक आकर्षक संवाद को होस्ट किया। खुल के सार्थक आदान-प्रदान की सुविधा के लिए एक गहन प्रतिबद्धता से प्रेरित है और पोखरण परीक्षणों के दौरान सामने आई उल्लेखनीय घटनाओं के प्रत्यक्ष विवरणों को सुनने के लिए उत्सुक दर्शकों को सफलतापूर्वक एक साथ लाया। डॉ. काकोडकर, न्यूक्लियर ऊर्जा पर एक अग्रणी अधिकार, ने भारत के इतिहास में इस महत्वपूर्ण क्षण के वैज्ञानिक, राजनीतिक और स्ट्रेटेजिक पहलुओं में अद्वितीय अंतर्दृष्टि की पेशकश की। 24 साल बाद, डॉ. काकोडकर डी'डे के बारे में याद करते हुए कहते हैं, "बीएआरसी ने इस परीक्षण के संचालन के लगभग सभी पहलुओं में भूमिका निभाई। एक चीज जो काफी अलग थी वह टीम भावना थी जो अपने उच्चतम स्तर पर थी, वह जो विश्वसनीय मित्रता निर्माण करती है और वह सभी संगठनात्मक सीमाओं के पार है और जो आपके साथ बनी हुई है। भारत ने पोखरण में " न्यूक्लियर डिवाइस " में विस्फोट करने के 24 साल बाद 18 मई, 1974 को प्रसिद्ध "स्माइलिंग बुद्धा" सौम्य न्यूक्लियर परीक्षण किया। डॉ काकोडकर, केवल 31 वर्ष के, उन कुछ लोगों में से एक थे जिन्होंने भारत के न्यूक्लियर ऊर्जा कार्यक्रम पर शुरू से अंत तक काम किया है। डॉ. काकोडकर कहते हैं, ह्नभारत न्यूक्लियर हथियार क्लब में शामिल होने के लिए अनिच्छुक था। 1974 के विस्फोटों और 1998 के विस्फोटों दोनों के संयोगिक महत्व को नहीं खोना चाहिए, जो बुद्ध जयंती के शुभ दिन पर आयोजित किया गए थे।

व्हाइट हाउस के ढहने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने जोर दिया और कहा कि ये कोड नेम थे। डिवाइस निश्चित रूप से उन दो स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गए थे जहां उन्हें रखा गया था। आपको कोड नेम की आवश्यकता है क्योंकि गोपनीयता बनाए रखने का यह पहला सबक है। जब उनसे परीक्षण को जनता से छुपाकर रखने के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने खुलासा किया, हममें से किसी ने भी मोबाइल फोन या लैंडलाइन का इस्तेमाल नहीं किया।

### गुरुग्राम में श्रीराम लाइफ ने अपने एपेक्स चैनल के कार्यालय का किया शुभारंभ

गुरुग्राम: बीमा की बेहतर जानकारी और अधिक ग्राहकों को बीमा की गहराइयों से समझाने के लिए अपैक्स चैनल के पूरे देश में कार्यलय खोले जा रहे है। इसी कड़ी में श्रीराम लाइफ ने अपना अपैक्स चैनल का कार्यलय का शुभारम्भ गुरुग्राम में किया गया। इस उद्घाटन कार्यक्रम में श्रीराम लाइफ के मुख्य निवेश अधिकारी अजित बैनर्जी, बिजनेस हेड टॉप सिटीज उत्कर्ष चौधरी, सेवानिवृत्त न्यायाधीश अनिल कुमार बिमल और वेल्थ सुरक्षा से गौरव वर्मा के साथ श्रीराम लाइफ से जुड़े सेल्स अफसर भी उपस्थित रहे। इस दौरान अजित बैनर्जी ने बताया कि श्रीराम ग्रुप इस साल अपनी स्थापना की गोल्डन जुबली मना रहा है व व वित्तीय क्षेत्र में 50 वर्षों से बनी विश्वसनीयता को घर-घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से अपैक्स चैनल इस साल 50 नए कार्यालय खोलने जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि सुरक्षा, तरलता और पोर्टफोलियो रिटर्न के अनुकूलन की प्राथमिकता के क्रम में पोर्टफोलियो के प्रबंधन के कंपनी के दृष्टिकोण ने अस्थिरता की अवधि में बहुत अच्छा रिटर्न उत्पन्न करने में मदद की है।

### ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल, सोनीपत के छात्र सीबीएसई परीक्षा में चमके

**सोनीपत।** ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल, न्यू ब्रहम कॉलोनी (एनबीसी), सोनीपत के छात्रों ने हाल ही में आयोजित सीबीएसई 2022-2023 की परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल ने 10वीं और 12वीं दोनों परीक्षाओं में शानदार परिणाम हासिल किए। ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल, सोनीपत की साक्षी ने 12वीं बोर्ड में केमिस्ट्री में 100 अंकों के साथ 98% और सभी विषयों में ए1 ग्रेड हासिल किया। वह साइंस स्ट्रीम से पूरे सोनीपत जिले में टॉप स्कोरर हैं। 70% दृष्टिबाधित होकर भी गुनगुन भोला ने अपनी पढ़ाई से नहीं रोका और उसने बाधाओं को पार करते हुए मानविकी स्ट्रीम से 12वीं बोर्ड में 92% अंक हासिल किए।

स्कूल ने 10वीं की परीक्षा में 100% रिजल्ट प्राप्त किया और मोहित छाबड़ा ने सीबीएसई में 96% अंक प्राप्त कर स्कूल टॉप किया। ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल, एनबीसी सोनीपत की प्रिंसिपल शालिनी चौधरी ने कहा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल, एनबीसी सोनीपत ने 10वीं और 12वीं दोनों बोर्ड परीक्षाओं के लिए नवीनतम सीबीएसई परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए हैं। इस वर्ष अंकन प्रणाली असाधारण थी और हमारी अपेक्षाओं पर खरी उतरी।

# उपचुनाव की तैयारियों के तहत ली बैठक

## पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में आयोजित बैठक में विस्तार से की तैयारियों की समीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**हरियाणा के** चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने ग्राम पंचायतों में रिक्त पड़े सरपंचों तथा पंचों के पदों पर उप-चुनाव करवाने की तैयारियों के दृष्टिगत संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने उप-चुनावों के सफल आयोजन के दृष्टिगत विशेष दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि चुनाव अधिकारी अपनी हर प्रकार की तैयारियां पूर्ण रखें। रेलवे रोड स्थित पीडब्ल्यूडी (बीएंडआर) के विश्राम गृह में चुनाव अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह कर रहे थे। जानकारी लेने पर



उन्हें बताया गया कि सोनीपत जिले की ग्राम पंचायतों में सरपंचों के दो तथा पंचों के 152 पद रिक्त हैं। सरपंचों के दो रिक्त पदों में ग्राम पंचायत जुआं-एक तथा गढ़ी कलां शामिल है। इनके अलावा विभिन्न कारणों से ग्राम पंचायतों में पंचों के पद रिक्त हैं।

राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने सरपंचों तथा पंचों के रिक्त पदों को भरने के लिए उप-चुनाव करवाने की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बजट तथा ईवीएम की उपलब्धता इत्यादि आवश्यकताओं की जानकारी भी ली। विशेषज्ञ स्टाफ की उपलब्धता की भी उन्होंने जानकारी ली। उन्होंने कहा कि उप-चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता संबंधित ग्राम पंचायतों में लागू होगी। ग्राम पंचायतों के साथ ही उन्होंने निकाय चुनावों पर भी चर्चा की। उन्होंने जानकारी ली कि निकाय चुनाव कहां लंबित है। उन्होंने बताया कि निकाय चुनावों के लिए शीघ्र ही शेड्यूल जारी किया जाएगा। इसलिए अपनी तैयारियों को अंतिम रूप जल्द प्रदान करें। इसके अलावा राज्य चुनाव आयुक्त ने जिले में कानून एवं व्यवस्था की भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अनाज मंडियों में गेहूं की आवक, खरीद और उठान की भी जानकारी हासिल की।

इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने सभी जानकारी उपलब्ध करवाते हुए भरोसा दिया कि प्राप्त दिशा-निर्देशों की पूर्ण अनुपालना की जाएगी। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी सहित एसडीएम राकेश संधू, एसडीएम आशीष कुमार, एसडीएम ज्योति मित्तल, एसडीएम अनुपमा मलिक, डीडीपीओ राजपाल सिंह, सीएमजीजीए जतिन, इलैक्शन तहसीलदार सरला कौशिक, तहसीलदार जिवेंद्र मलिक व नायब तहसीलदार प्रमोद कुमार, बीडीपीओ पूनम चंदा, बीडीपीओ जितेंद्र कुमार आदि अधिकारीगण मौजूद थे।

# कर्नाटक चुनाव की जीत का अंबाला में मनाया जशन

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**कांग्रेस** की जबरदस्त जीत के चलते पूरे देश भर में कांग्रेसी नेताओं ने जशन मनाया। अम्बाला में भी कांग्रेसी कार्यकताओं ने जशन मनाया और जगह जगह पर मिठाईयां बांटी व गुलाल उड़ाए। अम्बाला छावनी के कांग्रेस कार्यालय के आगे। अतुल महाजन की देखरेख में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दोपहर बाद 3.30 बजे ढोल बाजों के साथ जीत का जशन मनाया तो वहीं अम्बाला शहर के जलबेड़ा रोड पर कांग्रेस नेता हरबीर सिंह महल ने भी कर्नाटक में कांग्रेस की जीत पर जशन मनाते हुए मिठाईयां बांटी। उन्होनें कहा कि लोगो ने कांग्रेस पार्टी व राहुल गांधी में आस्था जताई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला को

**⏩ अम्बाला में भी कांग्रेसी कार्यकताओं ने जशन मनाया और जगह जगह पर मिठाईयां बांटी व गुलाल उड़ाए**

कर्नाटक की जिम्मेवारी सौंपी गई थी। उनकी कड़ी मेहनत से ही कांग्रेस ने पूर्ण बहुमत हासिल किया। इसी के परिणाम सहित आज कांग्रेस कर्नाटक में भारी मतो से विजयी हुए है। उन्होनें कहा कि आने वाले लोक सभा चुनावों में कांग्रेस भारी मतो से विजयी होगी। इसी प्रकार अम्बाला शहर के प्राचीन हनुमान मंदिर के पास कांग्रेस कार्यकर्ताओ आशीष टक्कर, चेतन चौहान, व उनके साथियों ने जशन मनाया। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के परिणाम आने आरम्भ हो गए है।।

# डॉ अशोक कुमार वर्मा ने लगाया 450वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक) पुलिस विभाग** में सर्वाधिक रक्तदान करने वाले उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा भारतीय संन्यासी और समाज सुधारक स्वामी भूमानंद तीर्थ के जन्मदिन 13 मई के अवसर पर 450वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया। शिविर में समाजसेवी भारतेन्दु हरीश, समाजसेवी नरेश सैनी और समाजसेविका अंजलि शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे हुए थे। रक्त केंद्र प्रभारी डॉ रमा की अध्यक्षता में सुमित कुमार, राजीव और तनु आदि ने रक्त संग्रह किया। रक्तदाता प्रशांत शर्मा की उपस्थिति में रक्तदान शिविर का शुभारंभ हुआ। अनेक बार रक्तदान कर चुके राजेन्द्र शास्त्री विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे। राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ अशोक कुमार वर्मा ने सभी सम्मानित अतिथियों और रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज के दिन 1933 में समाज सुधारक भूमानंद स्वामी तीर्थ का जन्म हुआ था। यह शिविर उन्हें समर्पित है। मुख्य अतिथि पधारे भारतेन्दु हरीश ने कहा कि डॉ वर्मा द्वारा नियमित 450 स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित करना एक बहुत ही सराहनीय उदाहरण है। इतना ही नहीं 157 बार रक्तदान के साथ 73 बार प्लेटलेट्स देना भी एक अतुलनीय मानवीय संवेदना का उदाहरण है। दूसरे मुख्य अतिथि पधारे नरेश सैनी ने कहा कि रक्तदान एक पुण्य का कार्य है। अंजलि शर्मा ने कहा कि वे अनेक बार रक्तदान कर चुके हैं और डॉ वर्मा उनके प्रेरणा स्रोत हैं। शिविर में इन्होंने किया रक्तदान - शिव कुमार, मोहन लाल, गुलशन कुमार, सोनू, गुर्गेश, राहुल, सतीश कुमार, सुशील कुमार, नरेश कुमार शर्मा, बृजेश कुमार, मुकेश, गौरव, सुरजीत, विनोद कुमार, प्रदीप कुमार, संदीप कुमार, अमित कुमार, मोहित सहित अन्य 17 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

# लोक अदालतों में शीघ्रता से होता है मामलों का निपटान: सौरव गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
शहर कोर्ट परिसर में लोकअदालतों का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए जिला विविध सेवा प्राधिकरण के सचिव सौरव गुप्ता ने बताया कि आज कोर्ट परिसर में लोक अदालत के लिए 10 बैंच बनाए गए। यहां पर अनेक लोगो ने अपने मुकदमें रखे। जिनमें अपराधिक, दुर्घटना बीमा, सिविल केस, चेक बांउस केस व परिवारिक झगड़े आदि रखे गए। लोक अदालत को लेकर यहां पर आने वाले लोगों में भी भारी उत्साह है। उन्होनें बताया कि लोक अदालत को लेकर पिछले कई दिनों से तैयारियां चल रही थी तथा इसका भरपूर प्रचार प्रसार भी किया गया था।

# लिटिल स्प्राउट प्ले स्कूल में मदर्स डे सेलिब्रेशन पर थिरके नन्हे मुन्ने बच्चे

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**भारतीय** परम्परा के अनुसार मातृशक्ति से बढ़कर कुछ नहीं होता जिसको सार्थक करते हुए लिट्ल स्प्राउट प्ले स्कूल में मदर्स डे पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें नन्हे-मुन्नों के साथ उनकी माताओं ने जमकर धमाल मचाया। इस कार्यक्रम में पहुँची मातृ शक्ति ने मदर्स डे पर अपने विचार रखते हुए कहा कि आधुनिकता के हिसाब से भी जन्मदात्री माँ को नहीं भुलाया जा सकता। वहीं लिट्ल स्प्राउट प्ले स्कूल की डायरेक्टर डॉक्टर सुषमा ने बताया कि उनके प्ले स्कूल में आधुनिकता के साथ साथ पौराणिक बातों पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। उनका कहना था



कि जिस तरह से आज रिश्तों की अहमियत समाप्त होती जा रही है उस बात को देखते हुए हमें अपने रिश्तों को अहमियत देनी होगी। इसके साथ साथ उन्होंने बच्चों के भविष्य में माता-पिता के योगदान का भी व्याख्यान किया और कहा कि आधुनिकता का मतलब माता पिता को भूल जाना नहीं होता। डॉक्टर शुषमा ने बताया कि लिटिल स्प्राउट प्ले स्कूल रिश्तों की अहमियत का खास तौर पर ध्यान रखता है जिसके बाद भविष्य में रिश्तों को कायम रखते हुए परिवार को संगठित किया जा सके।

# 19,301 मुकदमों का आपसी सहमति से किया गया निपटारा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**माननीय न्यायमूर्ति** ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह, न्यायाधीश, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय तथा कार्यकारी अध्यक्ष, हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला के निर्देशानुसार व प्रमोद गोयल, जिला ऐंवम सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, सोनीपत के नेतृत्व में व अशोक कुमार मान, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ० सचिव, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, सोनीपत की देखरेख में आज सोनीपत, गोहाना, गन्नौर, ० खरखोदा न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना क्लेम मामलों के 15 केसों का निपटारा किया गया, जिसमें वादियों का 77,70,000/- की समझौता राशि का निपटारा किया गया। इसके अलावा मोटर व्हीकल से संबंधित 12,794 चालानों का निपटारा किया गया व1,20,41,500 रुपये की राशि वसूली गई। इसके अलावा फौजदारी के 265 केसों का निपटान किया गया। 126 सिविल केस, 37 वैवाहिक विवाद संबंधी , 179 चेक बाउंस संबंधित केस का निपटान किया गया व 6,94,30,523 /- की राशि का निस्तारण किया गया` डिस्ट्रिक्ट ए.डी.आर सेंटर, सोनीपत में स्थाई

**⏩ सोनीपत में स्थाई लोक अदालत के माध्यम से विभिन्न बैंकों के बैंक रिकवरी से संबंधित 18 केसों का निपटान किया गया**

लोक अदालत के माध्यम से विभिन्न बैंकों के बैंक रिकवरी से संबंधित 18 केसों का निपटान किया गया। अशोक कुमार मान , मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व सचिव, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, सोनीपत ने बताया की आज मिस अलका मालिक, प्रिंसिपल जज (फॅमिली कोर्ट), सोनीपत, डॉ. संजीव आर्या, अतिरिक्त जिला ० सत्र न्यायधीश, सोनीपत, अजय पराशर, अतिरिक्त जिला ० सत्र न्यायधीश,सोनीपत, विमल कुमार, अतिरिक्त जिला ० सत्र न्यायधीश, सोनीपत, अरविन्द कुमार, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी,सोनीपत, मिस अपर्णा चौधरी, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, सोनीपत, मिस किम्मी सिंगला, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, सोनीपत ० उपमंडल स्तर पर मिस खुशबू गोयल, उप मंडलीय न्यायिक दण्डाधिदकारी, गोहाना, सोनीपत, पुनीत लिम्बा, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, गनौर , सोनीपत तथा डॉ. रेनू शौलखे , उप मंडलीय न्यायिक मजिस्ट्रेट , खरखौदा, सोनीपत की बेंचो के द्वारा केसों का निपटारा किया गया इसके अलावा उप मंडलीय दंडाधिकारी, सोनीपत, गोहाना, गनौर ० खरखौदा की बेंचों द्वारा धारा 107,151 सी.आर. पी.सी समन्धी मामले ० तहसीलदार, सोनीपत, गोहाना, गनौर, खरखौदा, खानपुर ० राई की बेंचो द्वारा इंतकाल तथा तकसीम सम्बन्धी मामलों का निपटान किया गया` इसके अतिरिक्त जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, सोनीपत द्वारा भी उपभोक्ता मामलों का निपटान किया गया`

इस राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से आमजन को बहुत ही लाभ पहुंचाया गया और कई साल से न्यायालय में लंबित पड़े मुकदमों का निपटारा किया गया।

# 12वीं व 10वीं की परीक्षा में गीतांजलि स्कूल की छात्राओं ने हासिल की शानदार सफलता

**सोनीपतः गीतांजलि** सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गुरु सदन, बड़वासनी की छात्राओं ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की बारहवीं व दसवीं की परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की है। स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। बारहवीं की कॉमर्स संकाय में छात्रा युक्ति ने 96.7 फीसदी अंक हासिल अपने स्कूल में टॉपर बनने का गौरव हासिल किया , जबकि रितिका ने 91.7 फीसदी अंक लेकर दूसरे स्थान पर रही ।विज्ञान संकाय में छात्रा मुस्कान ने 94 .2 फीसदी अंक हासिल कर अपने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि रिया 94 फीसदी अंक लेकर दूसरे स्थान पर रही। कला संकाय में नेहा कादियान ने 93.7 फीसदी अंक हासिल कर विद्यालय में पहले स्थान पर रही । नेहा कश्यप ने 92.6 फीसदी अंक लेकर दूसरा व नेहा रांगी ने 91 फीसदी अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। दसवीं की परीक्षा में दीक्षा ने 94.2 फीसदी अंक लेकर स्कूल में पहला स्थान पाया । सवीना ने 93.2 फीसदी अंक के साथ दूसरा, निशु 92 .6 फीसदी ने तीसरा , स्नेहा 92.3 फीसदी ने चौथा व साक्षी ने 88 फीसदी अंक लेकर पांचवां स्थान पाया। इस मौके पर संस्थान प्रबंधन से मोनिका बंसल, मंजू शुक्ला, मिमांक सूरा , स्कूल की प्राचार्या ए.शर्मिला आदि ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की स्कूल की प्रबंध समिति ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय की प्राचार्या व टीचिंग स्टाफ को दिया, जिनकी देख-रेख में छात्राओं ने यह सफलता हासिल की । प्राचार्या ए.शर्मिला ने बताया कि स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा । 12 वीं में स्कूल की 53 व दसवीं में 36 छात्राओं ने मेरिट हासिल किया। उन्होंने कहा इस मौके पर बबीता, अंजनी, सारिका, पूनम, अमित, सुरेश,मानसी आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी छात्राओं को उनके शानदार प्रदर्शन पर बधाई दी है।

# बेटे पर लगाए घर में चोरी करने के आरोप

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**युवक ने** अपने ही घर सेंध लगा दी। छोटी बहन की शादी के लिए बनवाए लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवर ले उड़ा। मां ने मोहड़ा पुलिस चौकी में शिकायत सौंप कार्रवाई की मांग की है। गांव मोहड़ा निवासी अंग्रेज कौर ने बताया कि उसका 21 वर्षीय बेटा हिमांशु उर्फ कबीर नशेड़ी है। गलत संगत में रहता है। बेटे को कई बार नशा मुक्ति केंद्र में भी छोड़ा। उसके बेटे ने नशे की लत को पुरा करने के लिए कई बार घरेलू सामान भी चोरी किया। महिला ने बताया कि पिछले 4 दिन से हिमांशु घर नहीं आया। बताया कि 11 मई की रात को हिमांशु चोरी-छिपे घर आया और अलमारी खोल कर वहां रखे सोने-चांदी के जेवर ले उड़ा। जेवर में एक सोने का किटी सैट, सोने की अंगूठी ,एक जोड़ी बाली, चांदी की पायल, चांदी की अंगूठी थी। इसके अलावा आरोपी लैपटॉप भी चोरी करके ले गया।

# ग्रामीण चौकीदारों ने 2 महीने से वेतन न मिलने से किया रोष प्रकट

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**हरियाणा ग्रामीण** चौकीदार सभा (650) सम्बंधित सीआईटीयू ने ग्रामीण चौकीदारों को दो महीने से सरकार द्वारा मानदेय नही देने व बीडीपीओ द्वारा गैर-कानूनी रूप से गांव के चौकीदारों की ड्यूटी अपने कार्यलय में लगाने पर रोष प्रकट किया। समस्याओं का समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी। हरियाणा ग्रामीण चौकीदार सभा (650)

**⏩ गैर-कानूनी रूप से गांव के चौकीदारों की ड्यूटी अपने कार्यलय में लगाने पर रोष प्रकट किया**

सम्बंधित सीआईटीयू ब्लाक की बैठक राज्य प्रधान बाबू राम की अध्यक्षता में खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी के कार्यलय में हुई। बैठक में प्रशासन से कई बार अपील करने के बावजूद ब्लाक में काम करने वाले 43 ग्रामीण चौकीदारों को मार्च व अप्रैल 2023 के दो महीनो के मानदेय का भुगतान न करने पर प्रशासन की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए जल्द भुगतान की मांग की। सीआईटीयू के नेता सतीश सेठी ने कहा कि गांव के चौकीदार पंचायत सेकेट्री, ग्राम सरपंच, पटवारी, पुलिस व अन्य जन कल्याण विभागों के अधिकारियो को गांव में पूर्ण सहयोग करते है। इन सबके बदले मिलने वाला केवल 7 हजार रुपए मानदेय भी समय पर नही मिलता। ऊपर से अधिकारी चौकीदार को अपने कार्यलय में भी ड्यूटी देने के लिए मजबूर कर रहे है। यह बेगार प्रथा की श्रेणी में आता है। रोष स्वरूप ग्रामीण चौकीदारों ने इस बारे संजय टांक बीडीपीओ से मिलकर एतराज दर्ज करवाते हुए कहा कि चौकीदार केवल सरकार द्वारा दी गई अपने गांव की ही ड्यूटी करेंगे।

# अवैध हथियारों की धरपकड़ अभियान के अन्तर्गत अवैध हथियार सहित आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**जिले के** स्टाफ सोनीपत की पुलिस ने अवैध हथियार सहित आरोपी को गिरफतार किया है। गिरफतार आरोपी राहुल उर्फ घटेरी पुत्र मनुशाहनी वासी कोट मोहल्ला सोनीपत का रहने वाला है इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि स्टाफ सोनीपत में नियुक्त प्रदीप अपनी पुलिस टीम के साथ अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों की खोज में किशोरा मोड के नजदीक मौजूद था कि मुखबिर ने सूचना दी कि राहुल उर्फ घटेरी पुत्र मनुशाहनी वासी कोट मोहल्ला सोनीपत जो सै0 6-7 के कट पर खडा है जिसके पास अवैध हथियार है यदि फोरी रेड की जाए तो वह असला सहित काबु आ सकता है जिस सूचना पर पुलिस पार्टी सैक्टर 6-7 के कट पर पहुँची जहां पर एक नौजवान लड़का मुखबर के बताए हुलिये अनुसार खडा दिखाई दिया जो पुलिस पार्टी को देख कर एक दम घबरा कर तेज कदमो से चलने लगा जिसको पुलिस पार्टी द्वारा नियमानुसार काबू करके नामपता पूछा तो उसने अपनी पहचान राहुल उर्फ घटेरी पुत्र मनुशाहनी वासी जिला समस्तीपुर बिहार हाल किरा?दार कोट मोहल्ला सोनीपत बतलाया जिसकी तलाशी लेने पर इसके पास एक पिस्तोल देसी 315 बोर बरामद हुआ जिसे खोल कर चैक किया तो खाली मिला जो मागने पर आरोपी राहुल उपरोक्त कोई लाईसन्स या कोई कागजात पेश नही कर सका। गिरफतार आरोपी के विरूद्ध शस्त्र अधिनियम के अन्तर्गत थाना बहालगढ़ में अभियोग दर्ज किया गया। अनुसंधान टीम द्वारा गिरफतार आरोपी से प्रारम्भिक पूछताछ करने पर अपने किये अपराध की स्वीकारोक्ति करते हुये बताया कि इस अवैध हथियार को नामपता नामालूम व्यक्ति से सोनीपत से 05 हजार रुपये में लिया था।

# मोटरसाइकिल चोरी करने की घटना मे संलिप्त आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**जिले के** थाना गन्नौर की पुलिस ने मोटर साइकिल चोरी करने की घटना मे संलिप्त नाबालिग आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नाबालिग आरोपी मूल रूप से बिहार का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि गत 18 मार्च को पंकज पुत्र दिलबाग निवासी गांव अगवानपुर जिला सोनीपत ने थाना गन्नौर में शिकायत दी थी कि दिनांक 17 मार्च को मैं अपने घर से अपनी मोटर साईकिल को लेकर अपनी डयूटी पर अग्रवाल हास्पिटल आया और मैने अपनी मोटर साईकिल हास्पिटल के मैन गेट के सामने लगा दी जो मैं रात के समय करीब 01.15 अट बजे देखी तो मेरी बाईक गेट के सामने खडी नही मिली जो किसी नामपता नामालूम व्यक्ति ने चोरी कर ली है। इस घटना का भारतीय दण्ड संहिता की धाराओं के अन्तर्गत थाना गन्नौर में अभियोग दर्ज किया गया था। अनुसंधान टीम मे नियुक्त तरुण ने अपनी पुलिस टीम के साथ आरोपियो की खोजबीन करते हुये घटना मे संलिप्त मूल रूप से बिहार हाल जिला सोनीपत निवासी नाबालिग आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नाबालिग आरोपी से घटना में चोरीशुदा मोटर साइकिल भी बरामद कर ली है। गिरफ्तार नाबालिग आरोपी को न्यायालय में पेशकर न्यायालय के आदेशानुसार बोस्टल जेल अम्बाला भेज दिया गया है।

# लेंटर का टुकड़ा गिरा, 5 महीने के मासूम की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**अंबाला** के दयाल बाग स्थित कमरे में दोनों बच्चों संग बैठी महिला पर अचानक छत के लेंटर का कुछ हिस्सा गिर गया। यह हिस्सा मां, बेटी और 5 माह के बेटे पर जा गिरा। आनन-फानन में तीनों को वहां से तुरंत सिविल अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने 5 माह के बच्चे को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल मां और 17 वर्षीय बेटी को उपचार के लिए भर्ती कर लिया गया है। मामले की सूचना पुलिस को भी दी गई। मिली

**⏩ लैंटर का टुकड़ा जिस तरह बच्चे के ऊपर गिरा उससे प्रतीत होता है कि लैंटर काफी पुराना हो चुका है**

जानकारी के अनुसार हादसा शुक्रवार देर शाम का है। दयाल बाग निवासी भारत भूषण ने बताया कि वह कारपेंटर का काम करता है। उसकी एक बेटी व बेटा है और वे किराए के मकान पर रहते हैं। कमरे की छत के लेंटर में दरार आई हुई थी। मकान मालिक को ठीक करवाने के लिए बोला था, लेकिन महज पुट्टी ही करवाई गई थी। शुक्रवार को वह काम पर था कि अचानक मकान मालिक का फोन आया। घर आकर देखा तो 5 माह के बच्चे आदर्श की मौत हो चुकी थी। जबकि 35 वर्षीय पत्नी और 17 वर्षीय बेटी गुनगुन गंभीर घायल है। मासूम की मौत की सूचना मिलते ही आसपास के लोग इकट्ठे हो गए और परिवार को सांतवना देने में जुट गए। वहीं लोगों का यह भी कहना था कि लैंटर का टुकड़ा जिस तरह बच्चे के ऊपर गिरा उससे प्रतीत होता है कि लैंटर काफी पुराना हो चुका है। ऐसे में और भी हादसा हो सकता है।

# डैंड्रफ से हैं परेशान तो अपनाएं ये असरदार नुस्खें!







कुछ लोगों को डैंडर्फ की समस्या बहुत ज्यादा होती हैं। इससे शर्मिंगी तो महसूस होती ही हैं, साथ ही बालों को भी काफी नुकसान पहुंचता है। अगर यह एक बार आ जाए, तो इससे पीछा छुड़ाना बहुत ही मुश्किल हो जाता है। इससे छुटकारा पाने के लिए आप कई एंटी डैंडर्फ हेयर प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल करती होंगी, लेकिन उनमें से कई इतने असरदार नहीं होते हैं या रुसी निकालते तो हैं लेकिन बालों को नुकसान भी पहुंचाते हैं। अगर आप नेचुरल तरीके से रूसी से निजात चाहती हैं, तो ये घरेलू नुस्खे जरूर आजमाएं।

### 1. नींबू का रस

नीम्बू को सरसों के तेल में मिलाकर अपने बालो की जड़ों पर लगाएं, फिर अपने बाले की अच्छे से 15 मिनट तक मालिश करें। अपने बालों को अच्छे से धोकर कंडीशनर कर लें।

### 2.टी-ट्री ऑइल

टी-ट्री ऑयल में एंटीसेप्टिक, एंटीबैक्टीरियल और एंटीवायरल के गुण मौजूद होते हैं जो रूसी को खत्म करने के लिए काफी फायदेमंद होते हैं। इस ऑयल की कुछ बूंदों को अपने शैम्पू मे मिक्स कर लें और फिर अपने बालें के धो लें।

3. एस्पिरिन वैसे तो एस्पिरिन का इस्तेमाल बीमारी में किया जाता है लेकिन इसका ड्रेंफ को मिटाने के लिए भी प्रयोर किया जाता हैं।अपने शैम्पू की बोटल में एस्पिरिन की तीन गोलियां मिलाकर इसको अच्छे से मिक्ल कर लें और रोजाना इसका इस्तेमाल करने से आपकी रुसी झट से गायब हो जाएंगी।

### 4.जादुई पानी

रुसी को मिटाने के लिए पानी में कुछ नीम और तुलसी की पत्तियों को उबाल लें फिर पाती को छान कर ठंडा कर लें। इस पानी से अपनो बालो को धोएं।

5 .

### रूसी रोधक मास्क

नीबू की तरह दही भी बालो के लिए फायदेमंद होता हैं। इसका मास्क बनाने के लिए एक कटोरी में दही और 2 टीस्पून बरेकिंग सोडा पाउडर डालें फिर बालों की जड़ो पर अच्छे से लगाएं।

### 6. मुल्तानी मिट्टी

मुल्तानी मिट्टी में 3 चम्मच सेब का सिरका मिलाकर अच्छे से मिक्स कर लें फिर अपने बालें को धोने के बाद 10 मिनट तक बालों पर लगाकर रखने के बाद गुनगुने पानी से धो लें।इससे रुसी जड़ों से निकल जाएंगी।कुदरती तौर पर बालों को काला करने के लिए देसी घी से सिर की मालिश करें। इसे त्वचा को पोषण मिलता है और बालों के सफेद होने की समस्या भी दूर हो जाती हैं।





# जायफल स्क्रब से करें ब्लैकहेड्स दूर !

हर लड़की सुंदर दिखना चाहती हैं। उनकी सुंदरता में ब?लैकहेड्स जैसी समस्याएं बाधा डालती हैं। ब?लैकहेड्स की समस्यां अक्सर आयली स्किन पर ज्यादा देखने को मिलती हैं।ब?लैकहेड्स त्वचा पर धूल-मिट्टी, स्ट्रेस और नींद पूरी न होने के कारण होती हैं। ब?लैकहेड्स निकालने के लिए बाजार में कई तरह के ब?यूटी प्रोडक?ट्स मिलते हैं लेकिन इन प्रोडक?ट्स में केमिकल होने से इसका त्वचा पर बुरा प्रभाव पड़ता हैं।इसलिए आप कुछ घरेलू तरीके अपना कर ब?लैकहेड्स की समस्यां से छुटकारा पा सकते हैं।

आप जायफल स्क्रब के इस्तेमाल से ब?लैकहेड्स निकाल सकते हैं। अक्सर हर किचन में जायफल का इस्तेमाल खाने का स्वाद बढाने के लिए किया जाता हैं। जायफल एंटीबैक्टीरियल होने के कारण त्वचा के लिए बहुत अच्छा होता है। यह फेस से गंदगी और मुहासों को हटाने के लिए कारगर साबित होता हैं। हम आपको जायफल से ब?लैकहेड्स को हटाने के उपाय बता रहें हैं।



-2 चम्मच जायफल पाउडर और दूध को बराबर मात्रा में मिलाकर अच्छे से पेस्ट तैयार कर लें।


- फिर इसके बाद चेहरे को पानी से धोकर इस पेस्ट को लगा लें।

- ब्लैकहेड्स वाली जगह पर जायफल पेस्ट को अच्छे से लगाएं ताकि इसमे मौजूद एंटीबैक्टीरिया आपकी त्वचा के अंदर जाकर ब्लैकहेड्स को निकाल दें। - फेस पैक को 15 मिनट लगाकर रखने के बाद अपने चेहरे पर 5 मिनट के लिए जायफल का स्क्रब करें।

- फिर अपनी त्वचा को धोकर उंगलियों के साथ हल्के हाथो से थपथपाएं। इससे आपके चेहरे से गंदगी निकल जाती हैं।

- ऑयली स्किन वाले को शहद का और ड्राई स्किन पर फुल फैट मिल्क का इस्तेमाल इस पेस्ट मे करना चाहिए।

# घरेलू उपायों से पाएं डार्क सर्कल से छुटकारा



आंखों के नीचे काले घेरे पड़ना, आम सी बात हो गई है लेकिन कहीं न कहीं, यह आपकी खूबसूरती पर बुरा इफैक्ट डालते हैं। आंखों के काले घेरों के आगे आपका फेयर कंप्लैक्शन भी फीका पड़ जाता है। इन्हें छिपाने के लिए आप मेकअप का सहारा ले सकते हैं लेकिन मेकअप इन्हें कुछ ही समय के लिए छिपा सकता है। इन्हें पूरी तरह से हटाने के लिए आपको अपनी लाइफस्टाइल में कुछ बदलाव करने होंगे। स्वस्थ व पौष्टिक भोजन, व्यायाम तथा अच्छी नींद इसके लिए सबसे अच्छा तरीका हैं। -टमाटर, नींबू और बेसन टमाटर और नींबू के रस में चुटकीभर बेसन और हल्दी डालकर पेस्ट बनाएं और 20 मिनट काले घेरों पर लगाकर पानी से धो लें। हफ्ते में ऐसा 3 बार करें। - गुलाब जल

गुलाब जल को रूई में भिगोकर आंखों पर 10 मिनट लगाए रखें। इससे आंखें तरो-ताजी और डार्क सर्कल कम होंगे। ऐसा दिन में एक बार रोज करें। -आलू

आलू की पतली स्लाइस काटकर उन्हें आंखों पर 20 से 25 मिनट रखें। इसके बाद चेहरा को अच्छे से साफ कर लें। डार्क सर्कल हटाने का यह सबसे बेस्ट तरीका है।

-बादाम का तेल

बादाम के तेल को आंखों के आस-पास लगाकर कुछ मिनटों के लिए छोड़ दें। फिर उंगलियों से 10 मिनट तक हल्की मालिश करें। बादाम में आप शहद भी मिक्स कर सकते हैं।


-चाय का पानी

चायपत्ती को पानी के साथ उबाल लें और फिर ठंडा होने के लिए रख दें। रुई में भिगोकर चाय पानी आंखों के नीचे और आस-पास लगाएं। नियमित रूप से ऐसा करने से चेहरे के काले घेरे तेजी से कम हो जाएंगे।

-टी बैग

डार्क सर्कल्स को दूर करने के लिए टी-बैग्स का इस्तेमाल भी किया जा सकता है। टी-बैग्स में मौजूद तत्व टैनिन आंखों के आस-पास की सूजन और काली त्वचा खत्म कर देता है। ग्रीन टी बैग आंखों पर रखने से भी डार्क सर्कल की प्रॉब्लम दूर होती है।

-संतरे का रस और ग्लिसरीन



संतरे के रस में ग्लिसरीन की कुछ बूंदें मिलाएं और इस पेस्ट को हर रोज आंखों और आस पास के एरिया पर लगाएं। यह काले घेरे मिटाने का असरदार तरीका है।

-जैतून तेल

जैतून का तेल से आंखों के आस-पास हल्के हाथों से मसाज करें, इससे रक्त संचार ठीक रहता है। और आंखों की थकान कम होती है, जिससे डार्क सर्कल की समस्या दूर होती है।

-अनानास और हल्दी

अनानास के जूस में हल्दी मिलाकर आंखों के नीचे लगाएं इससे भी डार्क सर्कल कम होंगे। *याद रखें ये बातें - खीरे और आलू के टुकड़ों को आंखों पर रखें। इससे आंखों को ठंडक और ताजगी मिलेगी। - धूप में सनग्लासेज का इस्तेमाल भी डार्क सर्कल से बचाता है। - विटामिन-के और ई से भरपूर सब्जियां और फल खाएं और फ्रैश जूस पीएं।

- कम से कम 8 घंटें की नींद लें।
- रात को सोते समय धूम्रपान या हार्ड ड्रिंक्स से परहेज करें।
- आई मेकअप प्रोडक्ट्स अच्छी कंपनी का खरीदें।
- आंखों पर कोई भी क्रीम ज्यादा देर तक न लगाई रखें।

-कम से कम 8-10 गिलास पानी पीएं।

# मेकअप की ये 7 चीजें बिलकुल न करें फ्रैंड्स से शेयर



अक्सर लोग खाने से लेकर ब्यूटी प्रॉडक्ट्स तक का सामान एक दूसरे से शेयर करते हैं। खाना शेयर करना अच्छी बात है लेकिन हर चीज शेयर करना नहीं। ब्यूटी प्रॉडक्ट्स शेयर करने से आपकी त्वचा पर बहुत बुरा असर पड़ सकता है। आज हम आपको बताते हैं कि मेकअप प्रॉडक्ट्स शेयर करने के क्या नुकसान हैं।

### 1.लोशन के जार

अपने लोशन के जार को हाथ लगाने से या फिर किसी और व्यक्ति के हाथ लगने से लोशन जार मे बैक्टीरिया पहुंच जाते है,जिससे आपको त्वचा संबंधी कई समस्याएं हो सकती है।

### 2.लिप ग्लॉस

जरूरत पड़ने पर आप अपनी सहेली की लिप ग्लॉस इस्तेमाल कर लेती है, जिसका असर आपके होंठो पर पड़ता है। इससे होठो पर इंफैक्शन होने का डर बना रहता है।

### 3.मस्कारा

किसी से मस्कारा शेयर करने को न दें क्योंकि आखों कि पलकों पर बैक्टीरिया होने से वह मस्कारे के ब्रश मे चल जाते हैजो किसी ओर के इस्तेमाल करने आखों में इंफैक्शन,दर्द और सूजन जैसी परेशानी दे सकते हैं।

### 4.मेकअप स्पंज

मेकअप स्पंज से त्वचा पर फंगल इंफैक्शन, मुंहासे और त्वचा संबंधी अन्य समस्याएं हो जाती है।

### 5.ट्वीजर

किसी का ट्वीजर शेयर नहीं करना चाहिए।जब आप अपनी आइब्रो के कुछ बाल निकालते है तो उस से खून भी बालों के साथ निकलता है। फिर किसी के इस्तेमाल सें बैक्टीरिया उनकी आईब्रो मे प्रवेश कर जाते है, जिससे इंफैक्शन का खतरा बन जाता हैं।

### 6.हेयर ब्रश

अक्सर आपकी मम्मी आपको शुरू से ही किसी का हेयर ब्रश इस्तेमाल करने से रोकती है। हेयर ब्रश शेयर करने से डेंड्रफ हो जाती है। इसी के साथ इंफैक्शन और जूएं होने का डर बना रहता है।

### 7.सॉप बार

अगर कोई सक्रमित व्यक्ति तो उसके सोप इस्तेमाल से संक्रमन आपके शरीर मे प्रवेश कर जाते हैं, जिसका आपकी त्वचा पर सीधा असर पड़ता हैं। इसी प्रकार वॉशक्लोथ या लोफा के शेयर से भी त्वचा संबंधी समस्याएं हो जाती हैं।

## हमने अपने पहले पांच मैचों के बाद काफी जज्बा दिखाया है: प्रवीण आमरे

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स की टीम शाम दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में अपने अगले आईपीएल 2023 मैच में पंजाब किंग्स से भिड़ने के लिए तैयार है। मैच से पहले दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच प्रवीण आमरे ने कहा, हमने अपने पहले पांच मैचों के बाद काफी चरित्र दिखाया है। गुजरात टाइटन्स के खिलाफ उनके घरेलू मैदान पर एक छोटे से टोटल का बचाव करना और जिस तरह से हमने आरसीबी के खिलाफ खेला, उससे हमें बहुत सारा आत्मविश्वास मिला। हम जानते हैं कि हमारे पास क्षमता है और हम एक रणनीति पर अमल करेंगे जो अगले मैच में हमारे लिए काम करेगी। यह पूछे जाने पर कि टीम को किस पहलू में सुधार करने की जरूरत है, आमरे ने कहा, 'हमने इस सीजन में छह मैचों में पहले ओवर में एक विकेट गंवाया है। यह हमारे लिए चिंता का विषय रहा है और हम उस क्षेत्र में सुधार पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। कुछ मैचों में पावरप्ले के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन किया है और हम उन प्रदर्शनों को दोहराने की कोशिश करेंगे। सहायक कोच ने विकेटकीपर-बल्लेबाज फिलिप सॉल्ट की भी प्रशंसा की, सॉल्ट ने इस सीज़न में बहुत बड़ा योगदान दिया है। वह एक निडर ब्रांड का क्रिकेट खेलते हैं। उसने भारतीय विकेटों को अच्छी तरह से अपना लिया है। वह दिल्ली के एकमात्र बल्लेबाज हैं जिन्हें इस सीजन में मैच ऑफ द मैच का अवार्ड मिला है।

## जीवा का वजन उठा नहीं पाए जडेजा, ग्राउंड में गिरते-गिरते बचे, वीडियो वायरल

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के मौजूदा कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की बेटी जीवा सिंह धोनी आईपीएल 2023 में सीएसके के हर मुकाबले में स्पॉट की जा रही हैं। इस सीजन महेंद्र सिंह धोनी को हर मैच में सपोर्ट करने के लिए उनकी पत्नी साक्षी धोनी के साथ बेटी जीवा सिंह धोनी भी स्टेडियम में पहुंच रही हैं और जीवा की हर आए दिन कोई प्यारी तस्वीर या वीडियो वायरल हो रही है। कभी जीवा अपने पापा धोनी से प्यार करती हुई दिखाई दी हैं और कभी वह पिता के साथ खेलते हुए नजर भी आ रही हैं। हाल में में जीवा का एक और वीडियो काफी वायरल हो रहा है, जिसमें सीएसके टीम के ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा जीवा के साथ मस्ती करते हुए नजर आ रहे हैं। मस्ती करते हुए जडेजा जीवा को अपनी गोद में उठाने की कोशिश करते हैं, लेकिन जीवा के भारी होने के कारण जडेजा उन्हें उठा नहीं पाते हैं। इस दौरान जडेजा लड़खड़ाते हुए भी नजर आते हैं और वह मैदान में गिरते-गिरते बचते हैं। जडेजा का जीवा के साथ यह प्यारा वीडियो इंटरनेट पर खूब वायरल हो रहा है।




## जोकोविच की इटालियन ओपन में संघर्षपूर्ण जीत

**रोम।** फ्रेंच ओपन की तैयारियों में जुटे नोवाक जोकोविच ने विश्व में 61वीं रैंकिंग के टॉमस मार्टिन एच्चेवेरी के खिलाफ संघर्ष पूर्ण जीत दर्ज करके इटालियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया। इस क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में सातवां खिताब जीतने की कवायद में लगे जोकोविच ने एच्चेवेरी 7-6 (5), 6-2 से हराया। जोकोविच दाहिनी कोहनी में चोट के कारण तीन सप्ताह बाद कोर्ट पर वापसी कर रहे हैं। जोकोविच का अगला मुकाबला ग्रिगोर दिमित्रोव से होगा, जिन्होंने स्टेन वावरिंका को 6-4, 7-6 (3) से हराया। पुरुष वर्ग के अन्य मैचों में स्थानीय खिलाड़ी यानिक सिनर ने थानासी कोकिनाकिस को 6-1, 6-4 से, ऑस्ट्रेलियाई क्वालीफायर अलेक्सी पोपिरिन ने फेलिक्स ऑगर अलियासिम को 6-4, 4-6, 7-5 से, इटली के फैबियो फोगनिनी ने मिओमिर केकमानोविकच को 6-3, 7-6 (6) से और सातवीं वरीयता प्राप्त होल्गर रून ने आर्थर फिल्स को 6-3, 6-3 से हराया। महिलाओं के वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक ने अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को 6-0, 6-0 से हराकर रोम में अपना तीसरा खिताब जीतने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। अन्य मैचों में पाउला बडोसा ने पिछले साल की उपविजेता ओन्स जैबूर को 6-1, 6-4 से, नौवीं वरीयता प्राप्त मारिया सकारी ने बारबोरा स्ट्राइकोवा को 6-1, 6-3 से और करोलिना मुचोवा ने 18 वीं वरीयता प्राप्त मार्टिना ट्रेविसन को 3-6, 6-3, 7-5 से हराया।

# वेस्टइंडीज टी-20 और एकदिनी टीम के मुख्य कोच बने डैरन सैमी

**सेंट जॉन्स।** क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने सीनियर पुरुष टीमों के लिए नए मुख्य कोचों के नियुक्ति की घोषणा की। आंद्रे कोले को टेस्ट और 'ए' टीमों का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। दो बार के टी-20 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान डैरन सैमी को वेस्टइंडीज की एकदिनी और टी-20 टीमों का मुख्य कोच नामित किया गया है।

नए मुख्य कोचों का चयन एक खुली और पारदर्शी साक्षात्कार प्रक्रिया के बाद किया गया और गुरुवार को सीडब्ल्यूआई बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक के बाद नियुक्तियों की पुष्टि की गई। डैरन सैमी का पहला काम जून में शारजाह में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला होगी, जो जिम्बाब्वे में होने वाले आईसीसी पुरुष विश्व कप 2023 क्वालीफायर टूर्नामेंट से पहले होगी।

आंद्रे कोली का पहला काम जुलाई में कैरेबियन में भारत के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज होगी। सैमी तीनों प्रारूपों में वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान हैं, जिन्होंने 2012 और 2016 में वेस्टइंडीज को आईसीसी ञ्20 विश्व कप खिताब दिलाया था। संन्यास के बाद से, उन्होंने पाकिस्तान सुपर लीग और कैरेबियन प्रीमियर लीग में फ्रेंचाइजी टीमों को कोचिंग दी है।कोली जमैका के पूर्व विकेटकीपर/बल्लेबाज हैं जिन्होंने




वेस्टइंडीज क्रिकेट में सभी स्तरों पर कोचिंग की है। वह इस साल की शुरुआत में जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर वेस्ट इंडीज टीम के अंतरिम मुख्य कोच थे, जिसमें वेस्ट इंडीज अकादमी के मुख्य कोच के रूप में उनका सबसे हालिया काम था।

39 वर्षीय सैमी ने सीडब्ल्यूआई द्वारा जारी एक बयान में कहा, यह एक चुनौती होगी लेकिन मैं इसके लिए तैयार हूं और उत्साहित हूं। मैं वास्तव में इस अवसर की प्रतीक्षा कर रहा हूं, विशेष रूप से हमारे पास मौजूद खिलाड़ियों को देखते हुए और मुझे लगता है कि मैं ड्रेसिंग रूम में प्रभाव डाल सकता हूं। मुझे विश्वास है कि मैं वही दृष्टिकोण लेकर आऊंगा जो एक खिलाड़ी के रूप में मेरे पास था।आंद्रे कोली ने कहा, मैं जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के दौरों पर अंतरिम भूमिका निभाने के बाद वेस्टइंडीज टेस्ट टीम का मुख्य कोच नियुक्त होने के लिए सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैं आगे की चुनौतियों के साथ-साथ अवसरों को भी देख रहा हूं क्योंकि हम अपने तेज टेस्ट रैंकिंग को ऊपर ले जाने और जून 2025 में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए क्वालीफाई करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा हैं। बता दें कि मार्च में, सीडब्ल्यूआई ने घोषणा की कि वेस्ट इंडीज की वरिष्ठ पुरुष टीमों के लिए मुख्य कोच की भूमिका को दो अलग-अलग पदों में विभाजित किया जाएगा, यह निर्णय स्वतंत्र तीन सदस्यीय विश्व कप समीक्षा समूह द्वारा की गई सिफारिश के संदर्भ में किया गया था, जिसमें टीम की तैयारी को बेहतर बनाने में मदद करने के लिए कोचिंग कर्तव्यों को विभाजित करने पर विचार किया गया था।

## ओलंपिक स्टार तैराक कैलेब ड्रेसेल की शानदार वापसी, अटलांटा में 100 मीटर बटरफ्लाई में दूसरे स्थान पर रहे

**अटलांटा।** ओलंपिक स्टार कैलेब ड्रेसेल लगभग एक साल बाद शानदार वापसी करते हुए अटलांटा में 100 मीटर बटरफ्लाई में दूसरे स्थान पर रहे। कनाडा के लिएंडो 51.79 सेकेंड के साथ शीर्ष पर रहे। लिएंडो ने पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में एक रजत और दो कांस्य पदक जीते थे।

वह पेरिस ओलंपिक में ड्रेसेल के मुख्य प्रतिद्वंद्वियों में से एक हो सकते हैं। एक सादे सफेद टोपी और लाल सूट पहने हुए, वह 20 वर्षीय कनाडाई जोश लिएन्डो के बाद दूसरे स्थान पर पहुंचने के बाद अपने प्रदर्शन से खुश थे।

52.41 सेकंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे ड्रेसेल अपने टोक्यो ओलंपिक में 49.45 के विश्व-रिकॉर्ड प्रदर्शन से लगभग 3 सेकंड धीमे थे, जहां उन्होंने पांच स्वर्ण पदक जीते थे।

पिछले जून में, ड्रेसेल अचानक बुडापेस्ट में विश्व



चैंपियनशिप से हट गए थे। हालांकि बाद में उन्होंने कहा था कि तैराकी के अपने प्यार को फिर से जगाने के लिए उन्हें एक ब्रेक लेने की जरूरत है। बुडापेस्ट में, ड्रेसेल ने 100 मीटर फ्रीस्टाइल दो स्वर्ण पदक जीते थे। इसके बाद वह चिकित्सा कारणों का हवाला देते हुए टूर्नामेंट से हट गए। बुडापेस्ट में, ड्रेसेल ने दो स्वर्ण पदक जीते। इसके बाद उन्होंने 100 मीटर फ्रीस्टाइल में हिस्सा लिया और सेमीफाइनल में चिकित्सा कारणों का हवाला देते हुए टूर्नामेंट से हट गए।

## विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप: भारतीय मुक्केबाजों ने तीन पदकों के साथ किया अपने अभियान का समापन

**ताशकंद।** भारत ने उज्बेकिस्तान के ताशकंद में तीन पदकों के साथ आईबीए पुरुष विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप 2023 का समापन किया। भारतीय मुक्केबाज दीपक कुमार, मोहम्मद हुसामुद्दीन और निशांत देव ने कांस्य पदक के साथ अपने अभियान का समापन किया। तीन कांस्य के साथ, भारत प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में पदक तालिका में संयुक्त चौथे स्थान पर रहा, जिसमें मेजबान उज्बेकिस्तान 9 पदकों के साथ शीर्ष पर रहा, क्यूबा और रूस (6 प्रत्येक) दूसरे स्थान पर और कजाकिस्तान (5) तीसरे स्थान पर रहा।2019 एशियाई रजत पदक विजेता दीपक (51 किग्रा) ने बाउट की समीक्षा के बाद सेमीफाइनल में दो बार के विश्व कांस्य पदक विजेता फ्रांस के बिलाल बेनामा को कड़ी टक्कर दी। हालांकि अंत में उन्हें 4-3 से हार का सामना करना पड़ा।दीपक की तरह, निशांत (71 किग्रा) को भी



मौजूदा एशियाई चैंपियन कजाकिस्तान के असलानबेक शिमबर्गेनोव के खिलाफ अपने बाउट की समीक्षा के बाद 2-5 से हार का सामना करना पड़ा। इस बीच, क्वार्टर फाइनल में घुटने की चोट के कारण, दो बार के राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता हुसामुद्दीन को दुर्भाग्य से वॉकओवर देना पड़ा और अपने पहले विश्व चैंपियनशिप अभियान में कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। अपने शानदार प्रदर्शन के बाद, दीपक, हुसामुद्दीन और निशांत ने अब तक देश के दस विश्व चैंपियनशिप पदक विजेताओं में से तीन के रूप में भारतीय मुक्केबाजी इतिहास में अपना नाम दर्ज कर लिया।

## 'वह निश्चित रूप से दरवाजा खटखटा रहा है', ग्रीम स्मिथ ने की जायसवाल की प्रशंसा

**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ ने राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की मौजूदा आईपीएल 2023 में उनके शानदार प्रदर्शन की जमकर प्रशंसा की। जायसवाल के शानदार अभियान ने सभी का दिल जीत लिया है क्योंकि उन्होंने 12 मैचों में शानदार प्रदर्शन करते हुए 52.27 औसत से 572 रन बनाए हैं।

इसके अलावा वह ऑरेंज कैप हासिल करने के लिए निश्चित रूप से रेस में है। उनकी प्रभावशाली पारियों से प्रसन्न होकर, ग्रीम स्मिथ ने कहा कि जायसवाल, इशान किशन और शुभमन गिल की पसंद को छोड़कर, युवा प्रतिभाओं का चयन करने के मामले में बीसीसीआई के लिए सिरदर्द होगा।

स्मिथ ने ने कहा, 'चयन के मामले में जायसवाल निश्चित



रूप से दरवाजे पर दस्तक दे रहे हैं। फिलहाल वह इतना ही कर सकते हैं। उन्होंने उस पर काबू पा लिया है। भारतीय क्रिकेट को रोहित शर्मा, विराट कोहली और केएल राहुल के रूप में सीनियर क्रिकेटरों जैसे कई विकल्प मिले हैं, जो अब चोटिल हैं। आपके पास ईशान किशन और शुभमन गिल भी हैं। चयनकर्ताओं के पास निश्चित रूप से कुछ अच्छे सिरदर्द हैं, लेकिन यशस्वी ने निश्चित रूप से चयनकर्ताओं की चर्चा में अपना नाम रखा है।'

जायसवाल ने केकेआर के खिलाफ अपने सबसे हालिया मैच में 47 गेंदों में नाबाद 98 रन की तूफानी पारी खेली, जिसमें 12 चौके और पांच छक्के शामिल थे। स्मिथ ने कहा कि जायसवाल ने पिछले आईपीएल सीजन के हिसाब से इस बार महत्वपूर्ण प्रगति की है। स्मिथ ने कहा, 'ठीक है, वह अविश्वसनीय रहा है। मैंने उसके कुछ घरेलू प्रदर्शन देखे हैं जो वास्तव में अच्छे रहे हैं। आप आईपीएल के पिछले सीजन से उसके खेल में वृद्धि भी देख सकते हैं। मुझे उसे खेलते हुए देखना बहुत पसंद है। उसे अभी स्ट्रोक प्ले मिला है, खासकर ऑफ साइड पर और लेग साइड में ताकत विकसित हुई है जिसने उसे गतिशील बना दिया है।'

## विश्व शतरंज - फीडे सर्किट लीडरबोर्ड - गुकेश फिर से पहुंचे शीर्ष पर



FIDE Circuit Leaderboard

| # | PLAYER | RATING | FED | CIRCUIT POINTS |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Gukesh D | 2732 | IND | 43.12 |
| 2 | Aronian, Levon | 2745 | USA | 36.71 |
| 3 | So, Wesley | 2760 | USA | 30.80 |
| 4 | Giri, Anish | 2768 | NED | 29.03 |
| 5 | Grandelius, Nils | 2664 | SWE | 25.25 |
| 6 | Abdusattorov, Nodirbek | 2731 | UZB | 22.28 |
| 7 | Carlsen, Magnus | 2853 | NOR | 20.25 |
| 8 | Nepomniachtchi, Ian | 2794 | FIDE | 19.26 |
| 9 | Yilmaz, Mustafa | 2641 | TUR | 19.13 |
| 10 | Pranav, V | 2597 | IND | 18.39 |

**नई दिल्ली।** वैसे तो भारत के डी गुकेश तेपे सिगमन टूर्नामेंट को जीत नहीं पाये है और दूसरे स्थान पर रहे पर भारत को एक अच्छी खबर मिली है की विश्व शतरंज चैंपियनशिप साइकल 2024 के अंतर्गत शामिल फीडे सर्किट लीडरबोर्ड जिसमें से सीधे एक सथ्न फीडे कैंडिडैट में सीधे जाता है उस पर एक बार फिर गुकेश शीर्ष स्थान पर पहुँच गए है । तेपे सिगमन टूर्नामेंट मे दूसरे स्थान पर आने पर गुकेश को 12.22 सर्किट अंक मिले और अब वह 43.12 अंको के साथ सूची मे पहले स्थान पर है जबकि उनके सबसे करीबी यूएसए के लेवान अरोनियन ( 36.71अंक) और वेसली सो ( 30.80 अंक ) है ।अन्य खिलाड़ियों मे नीदरलैंड के अनीश गिरि (29.03 अंक), स्वीडन के निल्स ग्रंडेलीयूस (25.25 अंक), उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव ( 22 अंक ) सूची मे शामिल है ।

# 'एआईएफएफ ग्रासरूट्स डे' के रूप में मनाई जाएगी भारतीय फुटबॉल के दिग्गज पीके बनर्जी की जयंती

**नई दिल्ली।** 1960 के रोम ओलंपिक में भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान रहे दिग्गज फुटबॉलर प्रदीप कुमार बनर्जी की जयंती, जो 23 जून को पड़ती है, को ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) ग्रासरूट डे' के रूप में मनाया जाएगा। जारी एआईएफएफ के एक बयान में कहा गया, 23 जून, 1960 के रोम ओलंपिक में भारत के कप्तान और पीके के नाम से लोकप्रिय प्रदीप कुमार बनर्जी की जयंती अब से 'एआईएफएफ ग्रासरूट डे' के रूप में मनाई जाएगी।

पीके के जन्मदिन को चुनने का कारण बताते हुए, एआईएफएफ के महासचिव डॉ. शाजी प्रभाकरन ने कहा कि यह एक सर्वविदित तथ्य है कि पीके एक अनुकरणीय फुटबॉल खिलाड़ी थे, जिन्होंने 1962 के एशियाई खेलों में भारत के ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा, हालांकि, हम अक्सर भूल जाते हैं कि प्रदीप दा एक उत्कृष्ट शिक्षक भी थे।



एक बार जब उन्होंने संन्यास लिया, तो उन्होंने कोचिंग ली और अगले 30 वर्षों के लिए, ऐसे खिलाड़ी तैयार किए, जिन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जबकि एक राष्ट्रीय और एक क्लब कोच के रूप में उनकी भूमिका बहुत चर्चा में है, भारतीय फुटबॉल बिरादरी जमीनी स्तर पर पीके दा के योगदान को नहीं भूल सकती है। 1969 में, जब फीफा ने जापान में जर्मन कोच डेटमार क्रैमर के तहत अपना पहला कोचिंग कोर्स चलाया, जिन्हें अंतरराष्ट्रीय सर्किट में 'फुटबॉल प्रोफेसर' के रूप में जाना जाता है, पीके ने खुद को कोर्स के लिए नामांकित किया और प्रथम श्रेणी की डिग्री के साथ घर लौटे। एआईएफएफ ग्रासरूट डे रणनीतिक रोडमैप 'विजन 2047' के अनुरूप है, जो देश में जमीनी स्तर पर भागीदारी बढ़ाने का प्रयास करता है। लक्ष्य 2026 तक 35 मिलियन बच्चों और 2047 तक 100 मिलियन बच्चों को फुटबॉल में शामिल होना है। फेडरेशन ने ब्लू कब्स प्रोग्राम की घोषणा की है जो गैर सरकारी संगठनों, स्कूलों, क्लबों, अकादमियों के साथ-साथ विभिन्न अन्य हितधारकों के साथ जमीनी पारिस्थितिकी तंत्र का विस्तार करने के लिए सहयोग करेगा। एआईएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने एआईएफएफ ग्रासरूट डे की घोषणा करते हुए पीके बनर्जी को श्रद्धांजलि दी और कहा कि फेडरेशन खेल के निरंतर विकास को सुनिश्चित करके उनकी स्मृति का सम्मान करने का प्रयास करेगा।

चौधरी ने कहा, मेरे द्वारा उपयोग किए जाने वाले कोई भी शब्द भारतीय फुटबॉल में प्रदीप दा के योगदान का सम्मान करने के लिए पर्याप्त नहीं होंगे। वह हमारी सभी प्रशंसा के पात्र हैं। उनके जैसे बिरले ही होते हैं, एक महान खिलाड़ी, एक महान गुरु और एक महान कोच जो जोश से भरे हुए थे और हमेशा भारतीय फुटबॉल को आगे बढ़ते देखना चाहते थे। उनके जन्मदिन को जमीनी दिवस के रूप में मनाना हमारी ओर से खेल में उनके योगदान को मान्यता देने के लिए एक सच्ची श्रद्धांजलि है। डॉ. प्रभाकरन ने ब्लू कब्स कार्यक्रम के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि अधिक बच्चे खेल में भाग लें और ब्लू कब्स परियोजना जमीनी स्तर पर भागीदारी बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

## पहले बल्लेबाज करने के बाद लक्ष्य का बचाव करना शानदार रहा : रोहित




**मुंबई।** गुजरात टाइटंस को इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में 27 रन से हराने के बाद मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि इस मैदान पर लक्ष्य का बचाव करना शानदार रहा।

रोहित ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, '' यह काफी रोमांचक मैच साबित हुए। हमें इन दो अंकों की काफी जरूरत थी।''

रोहित ने कहा, '' पहले बल्लेबाजी कर के लक्ष्य देना और फिर इस तरह से उसका बचाव करना सुखद था। मैदान पर ओस के बहुत अधिक होने से गेंदबाजों के लिए परिस्थितियां कठिन हो गई थी, इसलिए यह उनकी ओर से यह कमाल का शानदार प्रयास था।''

मुंबई के लिए सूर्यकुमार यादव ने 49 गेंद में नाबाद 103 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। वह मैन ऑफ द मैच रहे। उन्होंने अपनी इस पारी को टी20 में सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक करार दिया। सूर्यकुमार ने कहा, '' यह टी20 में मेरी सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक थी। मैं हमेशा मानता हूं कि अगर आपकी टीम जीतती है तो पारी अधिक कारगर होती है और आज ऐसा ही हुआ।'' गुजरात के लिए राशिद खान ने चार विकेट लेने के बाद 32 गेंद में 79 रन की नाबाद पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में 10 छक्के लगाये। गुजरात के कप्तान हार्दिक पंड्या ने कहा, '' ऐसा लग रहा था कि हमारी टीम की तरफ से सिर्फत् राशिद ही सही तरीके से खेल रहे थे। वह बल्लेबाजी और गेंदबाजी में बेहद शानदार थे।'' हार्दिक ने कहा, '' हम खेल के किसी भी क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। हमारे पास स्पष्ट योजनाओं की कमी थी और जो योजना थी उस पर गेंदबाज खरे नहीं उतरे। हमने 25 रन ज्यादा लुटा दिये। लेकिन राशिद की वजह से हमने अपनी नेट रन दर पर बड़ा नुकसान नहीं होने दिया।''

# रोहित शर्मा की मुंबई के लिए छक्कों की डबल सेंचुरी पूरी, डीविलियर्स का रिकॉर्ड तोड़ा

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने वानखेड़े स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में फ्रेंचाइजी के लिए अपना 200वां छक्का लगाया। रोहित ने एक ही ओवर में दो चौके मारने के बाद तेज गेंदबाज मोहित शर्मा को डीप स्क्वायर-लेग पर छक्का लगाकर यह उपलब्धि हासिल की। रोहित ने आईपीएल में अपने पहले तीन सीजन डैक्कन चार्जर्स के साथ बिताए थे। उनके नाम कुल 252 छक्के हो गए हैं। मुंबई के लिए 2011 में डैब्यू करने के बाद से वह 200 छक्के लगा चुके हैं।

ओवरऑल लिस्ट में रोहित शर्मा दूसरे नंबर पर आ गए हैं। आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड क्रिस गेल (351) के नाम पर है।

**देखें भारतीय रिकॉर्ड-**
रोहित शर्मा 252 (233 मैच)
महेंद्र सिंह धोनी 239 (214 मैच)
विराट कोहली 229 (226 मैच)
सुरेश रैना 203 (200 मैच)
संजू सैमसन 182 (150 मैच)

**देखें ओवरऑल लिस्ट (सबसे ज्यादा छक्के)**
357 क्रिस गेल (142 मैच)
252 रोहित शर्मा (239 मैच)
251 एबी डीविलियर्स (184 मैच)
239 महेंद्र सिंह धोनी (245 मैच)
229 विराट कोहली (234 मैच)

रोहित शर्मा की कप्तानी में मुंबई प्वाइंट टेबल में तीसरे स्थान पर आ गई है। मुंबई ने पहले सात मुकाबलों में से चार मुकाबले गंवा दिए थे। लेकिन इसके बाद मुंबई ने आगामी पांच मैचों में चार मैच जीतकर मजबूत वापसी कर ली। खास बात यह है कि इस सीजन में मुंबई इंडियंस के पास जसप्रीत बुमराह, जोफ्रा आर्चर, किरोन पोलार्ड की सेवाएं नहीं हैं लेकिन इसके बावजूद रोहित अपनी कप्तानी के दम पर मुंबई को प्लेऑफ की राह लेकर जाते दिख रहे हैं।

हरियाणा सरकार

> राष्ट्रीय शिक्षा नीति 21वीं सदी के भारत को एक नई दिशा देने जा रही है और हम एक ऐसे क्षण का हिस्सा बन रहे हैं जो हमारे देश के भविष्य के निर्माण की नींव रख रहा है।
> - नरेन्द्र मोदी



# हरियाणा के सरकारी विद्यालयों के 147 विद्यार्थी JEE ADVANCED 2023 के लिए क्वालिफाइड

सोहेल (99.96) भिवानी
हार्दिक गोयल (99.95) पंचकूला
आदित्य गर्ग (99.84) कुरुक्षेत्र
मोक्षम (99.54) करनाल
उदीप्त सैनी (99.46) कुरुक्षेत्र
रजत (99.39) जीन्द
कृष गोयल (99.25) कुरुक्षेत्र
विजय सिंह (99.01) कुरुक्षेत्र

## 99 परसेंटाइल से अधिक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी

## 90 परसेंटाइल से अधिक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी

राघव बठला (98.94) यमुनानगर
नीतेश (98.65) पानीपत
मनन चावला (98.57) गुरुग्राम
आकिल परवेज (98.54) नूहं
अमन (98.47) करनाल
प्रमोद कुमार (98.30) सिरसा
अंश मलिक (98.27) पानीपत
मृदुल बंसल (98.16) पंचकूला
आतिश कुमार (98.00) फरीदाबाद
लविश (97.69) पंचकूला
अक्षत सिंह (97.60) पंचकूला
तनवीर अहमद खान (97.52) गुरुग्राम
मनीष (97.25) सिरसा
खुशी (97.07) महेन्द्रगढ़
पलक (96.83) हिसार
जयंत सैनी (96.80) महेन्द्रगढ़
लीशा (96.77) कुरुक्षेत्र
दक्ष पोखरियाल (96.47) यमुनानगर
शुभम (96.42) पंचकूला
अनुज (96.36) हिसार
मुकुल (96.34) हिसार
खुशी (95.76) पलवल
जतिन (95.51) महेन्द्रगढ़
जतिन (95.40) भिवानी
अर्शित (95.35) फतेहाबाद
अजय कुमार (95.25) सिरसा
नवदीप कौर (95.19) सिरसा
सृष्टि राय (94.94) फरीदाबाद
प्रियांशु कुमार (94.80) फरीदाबाद
हरपाल सिंह (94.52) सिरसा
नरेन्द्र कुमार (94.52) फतेहाबाद
अंकित (94.44) जीन्द
संकेत भ्यान (94.44) हिसार
हिमांशु डागर (94.42) झज्जर
तेजल गोयल (94.38) अम्बाला
नरेश (94.21) गुरुग्राम
गौरव (94.06) हिसार
अपूर्व (93.96) अम्बाला
आदित्य कुमार (93.81) भिवानी
अभिषेक शर्मा (93.81) पंचकूला
योगेश कुमार (93.80) सिरसा
ममता (93.64) फतेहाबाद
सौरभ छाबड़ा (93.60) पंचकूला
नीकिता (93.49) हिसार
प्रियांशु (93.40) हिसार
सूर्यांश रोहिल (93.12) यमुनानगर
लविश मेहता (93.01) सिरसा
उदय भास्कर सिंह (93.00) करनाल
आदित्य वर्मा (92.82) फरीदाबाद
आशिमा सुखीजा (92.65) कुरुक्षेत्र
राशि (92.11) नूहं
केतन (91.60) रेवाड़ी
आर्यन (91.38) फतेहाबाद
पारस बब्बर (91.37) सिरसा
सोनाक्षी (91.36) जीन्द
राघव (91.28) फतेहाबाद
आदित्य शर्मा (91.01) पंचकूला
कनिका (90.99) सिरसा
रवि गुप्ता (90.95) गुरुग्राम
यश मंगला (90.85) नूहं
आलोक कुमार (90.60) फरीदाबाद
आयुष्मान (90.55) हिसार

# आंकड़े स्वयं बोलते हैं ...

## विद्यालय शिक्षा विभाग, हरियाणा

लक्ष्य पाठक (90.53) फरीदाबाद
केशव (90.21) हिसार
गरिमा गुप्ता (90.09) अम्बाला

सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipprharyana